दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



अल्लू अर्जुन की .....



खुद को फैशन गर्ल नहीं .......

वर्ष : 12 अंक : 75 लखनऊ, 10 मार्च, मंगलवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## बजट वेबिनार में पीएम का 'केयर इकोनॉमी' पर जोर

# जन आकांक्षाओं की पूर्ति सरकार का संकल्प.. शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दशक में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, जबकि दुनिया के कई देशों में 'केयरगिवर्स' की भारी मांग है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बजट के बाद आयोजित 'सबका साथ, सबका विकास- लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना' विषय पर वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यही इस बजट का मूल ध्येय और सरकार का संकल्प है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे मूलभूत सेक्टर हैं। इसी वजह से इस वेबिनार में इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

## नई पीढ़ी की सोच देश की सबसे बड़ी ताकत और पूंजी

योग और आयुर्वेद दुनिया भर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा



बजट वेबिनार को संबोधित करते पीएम मोदी

### स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बना रहे

पीएम ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर काफी मजबूत हुआ है और सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत आरोग्य मंदिरों से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ाई गई है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर

पीएम मोदी ने 'केयर इकोनॉमी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है। आने वाले दशक में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, जबकि दुनिया के कई देशों में 'केयरगिवर्स' की भारी मांग है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में लाखों युवाओं के लिए कौशल धारित रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

### विशेषज्ञों से मांगे सुझाव

पीएम ने वेबिनार में मौजूद हेल्थ सेक्टर के विशेषज्ञों से अपील करते हुए कहा कि वे नए ट्रेनिंग मॉडल और पार्टनरशिप विकसित करने के लिए सुझाव दें, ताकि देश का ट्रेनिंग इकोसिस्टम और मजबूत हो सके।

## टेली मेडिसिन के प्रति जागरूकता बढ़ाएं

पीएम ने कहा कि टेली मेडिसिन का से बड़ी संख्या में दूरदराज के लोग भी अब इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं और इस पर भरोसा बढ़ रहा है। हालांकि, इसमें अभी और ज्यादा जागरूकता तथा सहजता बढ़ाने की जरूरत है। पिछले एक दशक में देश की सोच में बड़ा बदलाव आया है। आज भारत का हर युवा कुछ नया करना चाहता है। नई पीढ़ी की सोच देश की सबसे बड़ी ताकत और उज्ज्वल भविष्य की पूंजी है।

### खेलों को राष्ट्रीय विकास से जोड़ा गया

पीएम ने कहा कि युवाशक्ति तभी राष्ट्रीय शक्ति बनती है, जब वह स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वास से भरपूर हो। पिछले कुछ वर्षों में खेलों को राष्ट्रीय विकास की महत्वपूर्ण धारा के रूप में देखा गया है। खेलो इंडिया जैसी पहलों ने देश में स्पोर्ट्स ईकोसिस्टम को नई ऊर्जा दी है और देशभर में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### शरजील को 10 दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को कड़कड़डूमा कोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत



मिली है। अदालत ने शरजील इमाम को अपने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां की देखभाल करने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई की अदालत ने उन्हें जमानत दी।

### बाड़मेर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**बाड़मेर।** बाड़मेर न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद हड़कंप मच



गया। पुलिस, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस अब ई-मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी है। धमकी भरे ई-मेल में दोपहर 1 बजे से पहले धमाका करने की बात कही गई थी।

### तिरुवनंतपुरम में सड़क हादसे में 3 की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम के नेदुमंगड में दो दोपहिया वाहनों की टक्कर में तीन



लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान राजेश (21), बिनय (20) और श्रीलाल (28) के रूप में हुई है जो पास के उझामलक्कल के रहने वाले थे।

### राहुल सिन्हा राज्यसभा के लिए निर्वाचित

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल से भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं।



उन्होंने अपना जीत का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के नेतृत्व का शुक्रिया अदा किया। सिन्हा ने कहा, वे जनता की सेवा और पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

## स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय

# विपक्ष का बहुमत जुटाना मुश्किल, 238 पर ही अटके, चाहिए 272, एनडीए के पास 293 सांसद

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है। विपक्ष ने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ नोटिस दिया था, जिस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। उस समय तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, लेकिन अब पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह विपक्ष के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी। बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कुछ निर्धारित नियम हैं। इसके तहत कम से कम दो सांसदों के हस्ताक्षर के साथ 14 दिन पहले नोटिस देना होता है और सदन में कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है। इस मामले में कांग्रेस के सांसद मोहम्मद जावेद, कोडिकुनिल सुरेश और मल्लू रवि ने प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष ने नोटिस में आरोप लगाया है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए जाने और विपक्ष की महिला सांसदों के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए जाने का भी उल्लेख किया गया है।



विपक्ष ने नोटिस में आरोप लगाया है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया था

## पहले दूरी बना चुकी टीएमसी देगी विपक्ष का साथ

मुद्दे के जरिए विपक्ष की सरकार को घेरने की कोशिश



लोकसभा की कार्यवाही

### विपक्ष के पास पर्याप्त संख्या नहीं

लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए साधारण बहुमत यानी 272 मतों की आवश्यकता होती है। फिलहाल सदन में सत्तारूढ़ पक्ष के पास लगभग 293 सांसदों का समर्थन बताया जा रहा है, जिसमें भाजपा, जेडीयू, टीडीपी और एनडीए के अन्य दल शामिल हैं। दूसरी ओर विपक्ष के पास कांग्रेस सहित अन्य दलों को मिलाकर लगभग 238 सांसद हैं। ऐसे में अगर प्रस्ताव पर मतदान होता है तो इसके पारित होने की संभावना कम मानी जा रही है। हालांकि बहस के दौरान विपक्ष इस मुद्दे के जरिए सरकार को घेरने की कोशिश जरूर कर सकता है।

### नोटिस स्वीकार हुआ तभी होगी चर्चा

ऐसे में अगर नोटिस स्वीकार कर लिया जाता है तो इसके बाद बहस के लिए समय तय किया जाएगा और सदन में चर्चा होगी। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष स्वयं अध्यक्षता नहीं करेंगे। सामान्य तौर पर ऐसी स्थिति में कार्यवाही का संचालन उपाध्यक्ष करते हैं, लेकिन फिलहाल उपाध्यक्ष का पद खाली है। ऐसे में सभापति पैनल में शामिल सबसे वरिष्ठ सदस्य सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे और माना जा रहा है कि यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिल सकती है।

### कांग्रेस पर भड़के केंद्रीय मंत्री रिजिजू

### बोले- क्या एक आदमी पूरे देश का महाराजा है?



लोकसभा में कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह कंफ्यूजन में है। उसके लोगों को यह नहीं पता है कि उन्हें क्या करना है। रिजिजू ने कहा कि मैंने कभी इतनी गैर-जिम्मेदार पार्टी नहीं देखी। आपका एक परिवार या एक आदमी क्या पूरे देश का महाराजा है? विपक्ष के लोग देश के संविधान और नियमों को ही नहीं मानते हैं।

### राज्यसभा में नड्डा का विपक्ष पर तंज

### मोदी सरकार में वहीं बैठे रहोगे और घटते जाओगे



राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष के व्यवहार को गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को देश के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है और वे लगातार मंत्रियों के जवाब के दौरान सदन से वॉकआउट कर रहे हैं। विपक्ष का मकसद हंगामा और अव्यवस्था फैलाना है। नड्डा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा मोदी सरकार के नेतृत्व में वहीं बैठे रहोगे और घटते चले जाओगे।

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का दावा



संसद के बाहर प्रदर्शन करते राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

## अमेरिका से समझौता पीएम की मजबूरी या ब्लैकमेल का नतीजा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर केंद्र सरकार की चुप्पी और संसद में चर्चा न होने पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते ने देश को कमजोर स्थिति में डाल दिया है। उन्होंने दावा किया कि यह डील पीएम की मजबूरी या ब्लैकमेल का नतीजा है, जिससे भारत के हितों पर समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से बच रही है क्योंकि बहस छिड़ने पर पीएम की कमजोर स्थिति और समझौते के पीछे की वजहें सामने आ जाएंगी।

### सरकार मुद्दों से भाग रही

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार जानबूझकर संवेदनशील विषयों से दूर भाग रही है। क्षेत्रीय संघर्ष से भारत की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होने वाला है। राहुल ने चेतावनी दी कि यह संकट एक बड़े पैराडाइम शिफ्ट की ओर इशारा कर रहा है, जिससे देश को आर्थिक रूप से गहरा झटका लगेगा। उन्होंने हालिया स्टॉक मार्केट में आई गिरावट का उदाहरण देते हुए कहा कि बाजार पहले ही इस प्रभाव को महसूस कर चुका है। राहुल ने सवाल उठाया कि क्या पश्चिम एशिया का मुद्दा इतना महत्वहीन है कि इस पर चर्चा नहीं हो सकती?

### भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा प्रभाव

वहीं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को एशिया के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में तेजी से बदल रही भू-राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह हालात केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। साथ ही भारत की वैश्विक छवि और सामर्थ्य पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की लगभग 55 प्रतिशत जरूरतें पश्चिम एशिया से होने वाले आयात से पूरी करता है। यदि उस क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है तो उसका सीधा असर हमारे देश की आर्थिक स्थिरता पर पड़ सकता है।

## हरियाणा कांग्रेस महासचिव का दावा

# विधानसभा चुनाव में टिकट के बदले हमने 'करोड़ों' रुपए दिए

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

हरियाणा महिला कांग्रेस की महासचिव के पति गौरव कुमार ने दावा किया कि उन्होंने अपनी पत्नी के लिए




विधानसभा चुनाव में टिकट के बदले कांग्रेस नेताओं को पैसे दिए थे। गौरव कुमार की पत्नी ने भी बताया कि उन्होंने 25 फरवरी 2026 को अपना इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। पत्नी ने खुद को दलित समुदाय से बताया। वह एक शहीद की बेटी हैं। उनका परिवार पिछले छप्पन साल से कांग्रेस पार्टी से जुड़ा है। उन्होंने पार्टी को करोड़ों रुपए दिए हैं। उन्हें झूठी उम्मीदें दी गईं। पत्नी ने आरोप लगाया कि उच्च कमान उन्हें धोखा दे रहा है। वे उनसे पैसे ले रहे हैं लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं मिल रहा है। गौरव कुमार का आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी को विधानसभा चुनाव का टिकट दिलाने के लिए पैसे दिए थे। यह दावा कांग्रेस पार्टी के भीतर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## नांगलोई में बेकाबू हुई डीटीसी बस

# कइयों को कुचला, 2 की मौत गुस्साई भीड़ ने किया पथराव


**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

नांगलोई इलाके में बेकाबू डीटीसी बस ने कुछ लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है।



आक्रोशित लोगों ने बस को रोक कर उसपर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करने के बाद भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। पथराव में छह बसों के शीशे टूट गए हैं। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को तितर-बितर कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह करीब 9.45 बजे नजफगढ़ की तरफ से आ रही डीटीसी क्लस्टर बस ने एक स्कूटी, एक बाइक, एक रिक्शा और कुछ पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। जिनके शव एसजीएम अस्पताल और महाराजा अग्रसेन अस्पताल पंजाबी बाग में रखे गए हैं।

## नए रूप में दिखेगा 173 साल पुराना हावड़ा स्टेशन



**हावड़ा।** रेल मंत्रालय ने अगले पांच सालों में 173 साल पुराने हावड़ा स्टेशन को अपग्रेड करने का प्लान बनाया है। इससे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही की संख्या भी बढ़ेगी। हावड़ा देश का सबसे पुराना और सबसे बड़े रेलवे स्टेशनों में से एक है। हावड़ा स्टेशन का निर्माण 1854 में हुआ था। ईस्टर्न रेलवे के कैपेसिटी बढ़ाने के काम के तहत, हावड़ा रेलवे स्टेशन को दो नए प्लेटफॉर्म मिलने वाले हैं। 635 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म नंबर 24 पर 24 कोच वाली लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें

## शिव मंदिर के अंदर टंगा पीतल का घंटा और सात - आठ घंटियां चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक प्राचीन शिव मंदिर के अंदर टंगा पीतल का एक घंटा और सात - आठ घंटियां चोरी कर ली।जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों का सुराग लगा रही है।बंथरा के हरौनी निवासी जितेंद्र गुप्ता के मुताबिक उनके घर के सामने पूर्वजों द्वारा स्थापित प्राचीन शिव मंदिर है।जितेंद्र का कहना है कि मंदिर के अंदर पीतल के कई घंटे और घंटियां टंगी हैं।जिसमें से रविवार रात अज्ञात चोरों ने पीतल का एक बड़ा घंटा और सात - आठ घंटियां चोरी कर ली। सोमवार सुबह जानकारी होने पर जितेंद्र ने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस जितेंद्र की तहरीर पर सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला किसान का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात एक किसान ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बंथरा के भदोई गांव में रहने वाले जोगेंद्र रावत (45) अपनी पत्नी सुदेवी, बेटी पूनम (24), सौम्या (13) और बेटे आदित्य (15) के साथ रहकर खेती किसानी करते थे।जोगेंद्र की बड़ी बेटी रूबी की शादी हो चुकी है।रविवार रात घर के सभी लोग खाना खाकर घर के अंदर, जबकि जोगेंद्र रोज कीतरह घर के अगले वाले कमरे में सो गए।जिस कमरे में जोगेंद्र सोए थे, उस कमरे के दरवाजे में पल्ले नहीं लगे हैं।रात करीब 12 बजे बेटी पूनम की आंख खुली तो जोगेंद्र कमरे के अंदर पंखे से मफलर के सहारे लटके नजर आए। यह देखकर पूनम ने परिजनों को बताया और पूरे परिवार में चीख पुकार मच गई।आनन फानन इसकी सूचना ग्राम प्रधान कार्मेंद्र मौर्य को दी गई।बाद में ग्राम प्रधान ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद रात में ही पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पंचायत सचिवालय में हुआ भव्य होली मिलन समारोह

**फाग ढोलक की थाप झीके की झंकार,फूलों की बरसात से गूजा ग्राम पंचायत सचिवालय सिसेंडी**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज विकासखंड के सिसेंडी ग्राम पंचायत में होली के पावन अवसर पर इस वर्ष भी ग्राम पंचायत का होली मिलन कार्यक्रम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ग्राम पंचायत सचिव डी पी सिंह भूतपूर्व प्रधान राजेश कुमार जायसवाल व ग्राम वासियों द्वारा आयोजित होली मिलन स्थान ग्राम पंचायत सचिवालय सिसेंडी में सैकड़ो ग्राम वासियों की उपस्थिति में पारंपरिक होली फाग के बीच रंग गुलाल की खुशबू फूलों की होली से पूरा पंचायत भवन मे उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला वही दूसरी तरफ गरम-गरम पकौड़ी, चाय ठंडाई का ग्रामवासी आनंद लेते हुए नजर आए प्रधान प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, भूतपूर्व प्रधान राजेश जायसवाल सभी फाग में आए फाग टोली को व ग्राम वासियों को गुलाल लगाकर माला पहनाकर गुलाब की पंखुड़ी डालकर गले मिलकर सभी को होली की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी कार्यक्रम चल ही रहा था इस बीच में उत्तर प्रदेश श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह (दीपू )अपनी पूरी टीम के साथ जैसे ही पंडाल में प्रवेश किया वैसे ही फिर एक बार गुलाल और फूलों की होली देखने को मिली प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने पारंपरिक फाग गीत को सुनकर बहुत ही प्रसन्न हुए उपस्थित सभी ग्राम वासियों को हाथ जोड़कर अभिवादन कर सभी को होली की बहुत-बहुत बधाई दी , कार्यक्रम में अभिषेक शुक्ला बिंदेश्वरी भी लोगों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी वही ग्राम वासियों के बीच ग्राम सचिव डी पी सिंह ने ढोल बजाकर फाग के गीतों पर लोगों को आनंदित किया

## जलभराव और गंदगी की समस्या से परेशान व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। जलभराव और गंदगी की समस्या से परेशान सरोजनी नगर स्थित बाग नंबर -3 के व्यापारियों ने सोमवार को नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल एयरपोर्ट शाखा के बैनर तले व्यापारियों ने एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास इकट्ठा होकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द समस्या समाधान की मांग उठाई। व्यापारियों का आरोप है कि बाग नंबर-2 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से लेकर नादरगंज तक कानपुर रोड किनारे बने नाले की लंबे समय से उचित सफाई नहीं कराई गई है।इसके चलते नाला उफना कर उसका गंदा पानी दुकानों के सामने रोड पर भरा रहता है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और व्यापारियों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल के एयरपोर्ट शाखा अध्यक्ष पवन तिवारी ने बताया कि इस समस्या को लेकर करीब 15 दिन पहले नगर निगम जोन-5 कार्यालय में ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित जोनल अधिकारी बीमारी का बहाना बनाकर समस्या से बच रहे हैं। शाखा के उपाध्यक्ष शिवम गुप्ता ने कहा कि नाले के ऊपर पत्थर न होने के कारण कई बार लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। लगातार जलभराव के कारण दुकानों के सामने की स्थिति बदतर हो गई है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कई बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद नगर निगम की ओर से न तो नाले की सफाई कराई गई और न ही जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था की गई। फिलहाल प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## माँ की हत्या पर पिता के ऊपर बेटे ने दर्ज कराया मुकदमा...

**पत्नी की हत्या के बाद फरार पति की तलाश में तीन टीमें,**

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां के शेखन खेड़ा गांव में पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर फरार हुए मजदूर राजेश रावत की तलाश में पुलिस ने तीन टीमें लगा दी रविवार देर रात को मृतका के बड़े बेटे गुलशन ने पिता के खिलाफ नामजद हत्या का मुकदमा दर्ज कराया पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही रविवार रात घरेलू विवाद के दौरान राजेश रावत ने अपनी पत्नी राजेश्वरी (46) पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की थी। सोमवार को बेटे गुलशन ने पुलिस को बताया कि उसके पिता राजेश शराब पीने के आदी थे और अक्सर नशे में घर में झगड़ा करते थे इसी वजह से उसकी मां ने करीब दो साल पहले पैतृक जमीन बिकवाकर शेखन खेड़ा में घर बनवाया था लेकिन यहां आने के बाद भी पिता की आदत नहीं बदली।गुलशन ने बताया कि रविवार दोपहर भी पिता ने शराब के नशे में मां से झगड़ा किया था।बाद में वह कहीं चले गए थे और शाम को घर लौटे उसी दौरान वह और उसके चारों भाई पड़ोस में बलराम के बेटे के समारोह में चले गए थे इसी बीच घर में विवाद हुआ और पिता ने कुल्हाड़ी से हमला कर मां की हत्या कर दी एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया की आरोपी मोबाइल फोन नही रखता। पुलिस की गठित टीमो आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश शुरू कर दी साथ ही पड़ोस के गांव आंकता खेड़ा में रहने वाली आरोपी की बहन सरिता और बहनोई रामलखन से भी पूछताछ की जा रही है।बेटे गुलशन ने पुलिस को बताया कि पिता अपनी बहन की बात ज्यादा मानते थे और उन्हीं पर अधिक खर्च भी करते थे।

## हादसे के 5 दिन बाद 25 वर्षीय युवक की मौत

**बुझ गया घर का चिराग पूरे गांव में मातम**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के हरिकंशगढ़ी में हुई सड़क दुर्घटना में घायल 25 वर्षीय युवक मुकेश शुक्ला 5 दिन बाद आखिर मौत से जंग हार गया तीन बहनों के इकलौते भाई की मौत के बाद हसते खेलते परिवार का इकलौता चिराग बुझने से गांव व परिवार में मातम सोमवार की शाम को मुकेश का शव घर पहुंचा तो स्वजन में चीख-पुकार मच गई मुकेश की तीनों बहनोंपत्नी पिता व मां का रो-रोकर बुरा हाल था। वही देर शाम मुकेश के शव का पैतृक गांव मीनापुर में बेहद गमगीन माहौल में सई नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार में मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत व पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी मीनापुर गांव निवासी राजकुमार शुक्ला तीन बेटियों और एक बेटा व बहू सहित परिवार के साथ रह रहे थे इससे पहले लगभग 13 वर्ष पूर्व मुकेश के बड़े भाई सनी की भी बचपन में ही सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी और लगभग 8 माह पूर्व मुकेश का विवाह हुआ था। बीते 4 मार्च को राजकुमार शुक्ला का पुत्र मुकेश शुक्ला (25 वर्ष) स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल जा रहा था इसी दौरान सामने से आ रही तीन सवारी बैठाए अनियंत्रित टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (वढ 32 खअ 8856) के चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी घायल मुकेश को पुलिस ने पीजीआई ट्रामा टू में भर्ती कराया था जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे केजीएमयू रेफर कर दिया गया ग्रामीणों ने बताया कि उपचार के दौरान मुकेश की सोमवार सुबह मौत हो गई।

## रासलीला मंच पर मां विंध्यवासिनी के हुए दर्शन

**मिजार्पुर सदर विधायक ने की आरती, पंडाल में झूमे भक्त**

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। मोहनलालगंज विकासखंड के वाजपेई खेड़ा गांव में विंध्यवासिनी निवास पर आयोजित सात दिवसीय रासलीला के दूसरे दिन भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। दर्शकों को रासलीला मंच पर मां विंध्यवासिनी के अदभुद दर्शन होते ही समस्त प्रांगण मां के जयकारों से गूंज उठा,साथ ही मंच पर श्रीकृष्ण जन्म व कंस द्वारा कारागार में हत्या का प्रयास यमुना प्रकोप और राधाकृष्ण की झाकियां सहित गोपियों की लीला आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए वहीं श्रीकृष्ण जन्म के बधाई गीतों पर प्रांगण में मौजूद भक्त झूम उठे भक्तों ने श्रीकृष्ण और बलदाऊ के नामों का जयघोष किया विन्ध्येश्वरी परिवार द्वारा आयोजित रासलीला मंच का शुभारंभ मिजार्पुर सदर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया और वृंदावन से पधारे रासाचार्य भावेशकृष्ण महाराज (ठाकुर जी) पर पुष्प वर्षा भी की गई वृंदावन के कलाकारों द्वारा अभिनीत रासलीला देखने के लिए क्षेत्र के दर्जनों गांवों से लोग वाजपेई खेड़ा पहुंच रहे कार्यक्रम में दूसरे दिन पहुंचे दर्शकों ने रासलीला का रसपान किया और रविवार देर रात लीला का विश्राम हुआ। कार्यक्रम में भारतीय राजनीतिज्ञ एवं मिजार्पुर सदर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र, विन्ध्येश्वरी परिवार के मुखिया उमाशंकर शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल ₹विन्ध्येश्वरी₹, सोनू विन्ध्येश्वरी, भाजपा नेता अभिषेक शुक्ल,विंध्येश शुक्ल, ज्ञानेश शुक्ल अनुपम शुक्ल, अनुराग शुक्ल सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय भक्त मौजूद रहे।

## नूरी मस्जिद में रमजान के अवसर पर कुरआन मजीद के तीस पारे की तरावीह मुकम्मल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर क्षेत्र के रसूलपुर स्थित नूरी मस्जिद में सोमवार को पवित्र माह रमजान के अवसर पर कुरआन मजीद के तीस पारे की तरावीह मुकम्मल की गई। मस्जिद के इमाम हाफिज सरफराज आलम ने 19वें रमजान के दिन तरावीह की नमाज में कुरआन शरीफ के 30 पारे सुनाकर इसे पूरा कराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदार और क्षेत्रीय लोग मस्जिद में मौजूद रहे।माहे रमजान मुस्लिम समाज के लिए बेहद पवित्र और रहमतों से भरा महीना माना जाता है।इस दौरान रोजेदार एक माह तक रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। रोजे के साथ ही लोग पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं। कुरआन शरीफ की तिलावत करते हैं और तरावीह की नमाज में शामिल होते हैं।रमजान के महीने में जरूरतमंदों की मदद को भी खास अहमियत दी जाती है।रोजेदार अपनी हैसियत के अनुसार फितरा और जकात अदा करते हैं, जिससे गरीब और बेसहारा लोगों की सहायता की जाती है।इसे समाज में भाईचारे और मदद की भावना का प्रतीक माना जाता है।गांव के इदरीश खान ने बताया कि सोमवार को नूरी मस्जिद में तरावीह मुकम्मल होने के बाद विशेष दुआ का आयोजन किया गया।इस दौरान देश की तरक्की, अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। नमाज के बाद मौजूद लोगों के बीच मिठाई भी वितरित की गई।इस अवसर पर गांव के इशरत अली, मोहम्मद शकील, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद सोहेल, इरशाद खान, शाकिर खान, रहमान खान, मोहम्मद बुलाकी, मोहम्मद जाबिर, मोहम्मद फैयाज सहित गांव व आसपास के काफी लोग मौजूद रहे और सभी ने मिलकर रमजान की बरकतों के लिए अल्लाह का शुक्र अदा किया।

## इंडिगो की उड़ान में तकनीकी खराबी आने से प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री सवा घंटे फंसे

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कोलकाता जाने वाली इंडिगो की उड़ान में सोमवार सुबह अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इस विमान से प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री कोलकाता जा रहे थे। लेकिन विमान में खराबी आने के कारण करीब सवा घंटे उन्हें यहीं फंसे रहना पड़ा।बाद में इंजीनियरों की टीम लगाई गई , तब खराबी दूर कर विमान को कोलकाता के लिए रवाना कर दिया गया।बताते चलें कि इंडिगो की फ्लाइट (6ई 505) लखनऊ से सुबह 7:40 बजे रवाना होती है।सोमवार को इसी विमान से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक कोलकाता में होने वाली भाजपा की बैठक में शामिल होने जा रहे थे। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि विमान में सभी यात्री व दोनों उपमुख्यमंत्री बैठ चुके थे और विमान उड़ान भरने के लिए रवाना होने वाला था।तभी विमान के पायलट को उसमें तकनीकी खराबी होने का संदेह हुआ।इसके बाद उसने इसकी सूचना एटीसी को दी।सूचना के बाद एयरपोर्ट प्रशासन में हड़कंप मच गया।इसके बाद विमान में आई खराबी दूर करने के लिए इंजीनियरों की टीम लगाई गई। लेकिन विमान की खराबी दूर करने में करीब सवा 1 घंटा लग गया।इस दौरान दोनों डिप्टी सीएम और यात्री विमान में ही बैठे रहे।हालाकि बाद में खराबी दूर होने पर विमान को करीब 9 बजे कोलकाता के लिए रवाना कर दिया गया।

## गैर जनपद में तैनात न्यायाधीश के निधन पर अधिवक्ताओं ने की शोक सभा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। जनपद सीतापुर परिवार न्यायालय में तैनात रही प्रधान न्यायाधीश जया पाठक के निधन पर सोमवार को कचहरी परिसर पर पुरवा लायर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शोक सभा का आयोजन किया।लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विद्याशंकर पांडेय शोक सभा में दो मिनट का मौन रखने के बाद कहा कि जया पाठक पूर्व में उन्नाव में परिवार न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश पद पर तैनात रह चुकी थी।उनके निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है।जिसके चलते अधिवक्तागण ने सोमवार को न्यायिक कार्य से अवकाश पर रहने का निर्णय किया है।इस दौरान विनोद राठौर,संजय सिंह,शैलेंद्र तिवारी, अंकित मिश्रा,महेंद्र श्रीवास्तव,अरुण मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## साइकिल सवार अधेड़ को ट्रक ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। दही चौकी पुरवा मार्ग पर रविवार देर रात घर से खाना खाकर बिछिया गाँव मे एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे साइकिल सवार अधेड़ को ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव तौरा के मोहल्ला गांधीनगर निवासी जगरूप उम्र 70 वर्ष पुत्र सुरजू देर रात घर से साइकिल पर सवार होकर बिछिया गाँव मे एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी दही चौकी पुरवा मार्ग पर गंधानाला के निकट पुरवा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क के दूसरी ओर खंती में जाकर पलट गया। जोरदार टक्कर लगने से अधेड़ साइकिल से गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुँचे परिजन निजी वाहन से अधेड़ को बिछिया सीएचसी लेकर गए । जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव की विधिक कार्रवाई पूरी कर शव पीएम को भेज दिया।घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था।मृतक कपड़ो व बैग की चैन बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की पत्नी शांति देवी,तीन बेटों में प्रकाश ,रावेन्द्र, अरविंद का रोरोकर बुरा हाल है। एसआई सियाराम चौरसिया ने बताया कि शव पीएम को भेज दिया गया था पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी,ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। परिजनों की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नही प्राप्त है।

## धूमधाम से संपन्न हुआ होली मिलन समारोह

**भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सदस्यों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के असोथर नगर पंचायत गल्ला मंडी प्रांगण अंतर्गत कल भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल की मासिक बैठक होली मिलन समारोह के रूप में संपन्न हुई कार्यक्रम अंतर्गत पहुंचे क्षेत्र तथा जनपद के भारी संख्या में किसानों ने आपसी भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम द्वारा की गई जहां उन्होंने अपने संबोधन में किसानों के हक की लड़ाई के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की ओवरलोड साधन मौरंग भरे भारी वाहन इत्यादि पर विशेष चर्चा करते हुए मार्ग दुर्घटनाओं पर भी चर्चा की गई किसानों की समस्याओं को लेकर तीन सूत्रीय मांगे रखते हुए किसानों ने थाना प्रभारी धीरेंद्र ठाकुर को ज्ञापन सौंपा इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष रवि देव सिंह गौतम अजय सिंह चौहान रजत तिवारी सोनू शुक्ला नरसिंह मौर्या आदर्श सिंह चौहान समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

## ऑनलाइन नो टोबैको प्लेज में यूपी देश में नंबर वन

**टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत चलाया गया अभियान, यूपी लगातार दूसरे वर्ष प्रथम**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को तंबाकू के सेवन से दूर रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर देश में पहला स्थान हासिल किया। केंद्र सरकार के टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत आयोजित ऑनलाइन नो टोबैको प्लेज अभियान में वर्ष 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे ज्यादा भागीदारी दर्ज की ।इस सूची में उत्तर प्रदेश के बाद हरियाणा दूसरे, राजस्थान तीसरे और दिल्ली चौथे स्थान पर रही।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के इस अभियान में उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशों के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है। उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष 2024-25 में भी टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के दौरान ऑनलाइन नो टोबैको प्लेज में देश में शीर्ष स्थान हासिल किया था। लगातार दूसरे वर्ष यह उपलब्धि राज्य के युवाओं, स्कूलों, स्वास्थ्य विभाग और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई है। टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 की शुरूआत 09 अक्टूबर 2025 से हुई थी। यह राष्ट्रीय अभियान शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से संचालित किया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें तंबाकू का उपयोग न करने की शपथ लेने के लिए प्रेरित करना और तंबाकू मुक्त पीढ़ी का निर्माण करना है।इस अभियान के तहत स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षकों का प्रशिक्षण, तंबाकू मुक्त संस्थानों की घोषणा और ऑनलाइन शपथ जैसी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। उत्तर प्रदेश में इस अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया गया।

## गोरखपुर और रामपुर जिले में स्थापित हो रही ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को ग्रीन एनर्जी हब बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।इसी क्रम में प्रदेश के गोरखपुर और रामपुर जनपदों में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं, जिससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।यूपी नेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गोरखपुर में टोरेंट पॉवर की ओर से 0.5 मेगावाट क्षमता का ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है।इस परियोजना की उत्पादन क्षमता लगभग 9 किलोग्राम प्रति घंटा होगी। यह पायलट प्रोजेक्ट प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक के उपयोग और उसके व्यावसायिक विस्तार की संभावनाओं को परखने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसी तरह रामपुर जिले में जीरो फ्रूटप्रिंट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन परियोजना स्थापित की जा रही है।इस संयंत्र की उत्पादन क्षमता लगभग 22.5 किलोग्राम प्रति घंटा होगी। इस परियोजना से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।ग्रीन हाइड्रोजन को भविष्य का स्वच्छ ईंधन माना जाता है। इसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से पानी की इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से तैयार किया जाता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य होता है। इसका उपयोग परिवहन, उद्योग और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। इन जनपदों में स्थापित हो रही ये परियोजनाएं उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## पश्चिमांचल में बिजली दर पर हुई सुनवाई, प्रीपेड मीटर का उठा मुद्दा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के तब तक धान में आज पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम नोएडा पावर कंपनी वी डाटा सेंटर नीडप कि वर्ष 2026-27 के लिए बिजली दर की सुनवाई गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी नोएडा में हुई।जिसमें विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार मौजूद रहे। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक की तरफ से प्रस्तुतीकरण किया गया वही नोएडा पावर कंपनी के प्रबंध निदेशक में भी प्रस्तुतीकरण किया और नीडप डेवलपर द्वारा भी अपनी बात रखी गई। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से अपनी बात रखते हुए सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 हजार करोड़ से ज्यादा कर प्लस है देश का कोई भी कानून बिजली दरों में बढ़ोतरी की इजाजत नहीं देता ऐसे में बिजली दलों में कमी कानून होना चाहिए इस बार बिजली दरों में कमी करके आयोग उपभोक्ताओं के हिसाब को बराबर करने की दिशा में आगे बढ़े।

उन्होंने कहा स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खर्च को उपभोक्ताओं के बिजली दर में पास करने के मामले पर कहा कि जब भारत सरकार के आदेश के तहत उसे नियामक आयोग ने स्वीकार करते हुए आरडीएसएस योजना में या आदेश जारी किया कि उपभोक्ताओं पर नहीं पास किया जाएगा इसके बावजूद एक एडवाइजरी के नाम पर रुपया 3838 करोड़ पास करने की बात होने लगी जो पूरी तरह गलत है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने सभी बिजली कंपनियों मे वर्टिकल व्यवस्था पर तीखा प्रहार करते हुए कहा बिजली कंपनियों में नौकरशाह आकर जो प्रैक्टिकल कर रहे हैं इस बिजली विभाग को बर्बाद कर देंगे ऐसे में विद्युत नियामक आयोग को हस्तक्षेप करना चाहिए वर्टिकल व्यवस्था पूरे प्रदेश में फेल है बिना नियामक आयोग की अनुमति के व्यवस्था को कैसे लागू किया गया इसकी जांच कराई जाए।

पश्चिमांचल द्वारा अपनी रिपोर्ट में कहा गया की 1191440 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए जुलाई से दिसंबर तक जब इन विद्युत उपभोक्ताओं के यहां 2024 में नॉन स्मार्ट मीटर लगा था तो उनकी कुल औसत यूनिट प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह 118 थी लेकिन जब इन्ही उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट मीटर लगा दिया गया तो जुलाई से दिसंबर 2025 में इन उपभोक्ताओं की औसत यूनिट प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह 219 हो गई यानी की 84 प्रतिशत वृद्धि जो अपने आप में चौंकाने वाला है इसका मतलब की स्मार्ट प्रीपेड मीटर या तो तेज चल रहा है या तो उसमें गड़बड़ी है इसकी आयोग जांच कराए। बिजली कंपनियों में भर्ती हो नहीं रही है संविदा कार्मिकों के सहारे बिजली चल रही है उनकी भी छटनी की जा रही है उन्हें समान काम समान वेतन दिया नहीं जा रहा है तो क्या बिजली निगमन को बर्बाद करने की तैयारी है संविदा कर्मियों की छटनी पर रोक लगनी चाहिए जो लोग बिजली निगमन में इस प्रकार की कार्रवाई में लिप्त है उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उपभोक्ता परिषद में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में अनेकों उदाहरण देते हुए कहा कि यहां 10 करोड़ से ज्यादा पिछले पिछले पांच वर्षों में कैशियर व अन्य कर्मचारी राजस्व का पैसा लेकर भाग गए गबन कर लिए कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई पब्लिक का पैसा कैशियर झोले में भरकर ले जा रहा है कोई देखने वाला नहीं।

नोएडा पावर कंपनी का रही है कि जो 10 प्रतिशत बिजली दरों में रिपोर्ट दी जा रही है उसे समाप्त कर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी जाए यानि कि नोएडा पावर कंपनी एक तरफ कहती है कि यह रेटिंग में और यहां 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की बात कर रही है जो पूरी तरह गलत है उपभोक्ता परिषद में एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि उनके कार्यों में एक बड़ा मामला पकड़ा गया है उनकी कंपनी में फायदा को छुपाने के लिए जनरल मैनेजर और उसके ऊपर के अधिकारियों को 15.74 लख रुपए प्रतिमाह वेतन दिया गया निजी कंपनी अपने जनरल मैनेजर को 16 लख रुपए का तनक दे रही है प्रतिमा तो फायदा कहां से दिखेगा इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

## संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों पर जानलेवा हमला



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों पर जानलेवा हमला हुआ। आरोपियों ने मोटरसाइकिल से टक्कर मारी, एक व्यक्ति के सिर पर पत्थर से वार किया और दूसरे का गला दबाया। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना बीती रात करीब नौ बजे रामपुर गढौवा गांव के मजरे खुदियन खेड़ा के पास हुई। शमीम गाजी ने थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके पिता अली हसन (62) और अय्यूब बरेठिया गांव सलीम के घर रोजा इफ्तार के लिए जा रहे थे। तभी मदारी खेड़ा निवासी मनीराम (22) और कौशल (21) ने अपनी मोटरसाइकिल (यूपी 32 ई 7828) से उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वे दोनों गिर गए। गिरने के बाद मनीराम ने पुरानी रंजिश के चलते अली हसन के सिर पर पत्थर से जोरदार वार किया। इससे अली हसन की दाहिनी आंख के ऊपर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। वहीं, कौशल ने अय्यूब का गला दबा दिया, जिससे वह तड़पकर वहीं गिर पड़ा।हमलावर अली हसन और अय्यूब को मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। वे अपनी मोटरसाइकिल (यूपी 32 ई 7828) घटनास्थल पर छोड़ गए और अय्यूब की मोटरसाइकिल (यूपी 30 3219) लेकर चले गए। शमीम गाजी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अपने पिता अली हसन और अय्यूब का डॉक्टरी परीक्षण कराने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। औरास पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई एक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में एक्सप्रेसवे मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में घायल एक सवार को बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया।एक कार आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही थी तभी सोमवार को सुबह पहर करीब 8 बजे चालक को झपकी लगने से कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे मार्ग पर गांव गहर पुरवा के निकट मध्य डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में सवार रामजीवज शाह पुत्र महादेव निवासी कस्बा व थाना साहबगंज जनपद मुजफ्फरपुर घायल हो गया जिसे यूपीडा टीम द्वारा बांगरमऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा से उसे रेफर कर दिया गया।

## सुगमेश्वर मंदिर में धूमधाम से हुआ होली मिलन समारोह, भक्तों ने गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां स्थित प्राचीन सुगमेश्वर मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और धार्मिक माहौल में किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में नगरवासियों और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया।इस दौरान सैकड़ों लोगों ने फाग और होली के पारंपरिक गीतों का आनंद लिया। मंदिर परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां श्रद्धालु रंग-गुलाल के साथ होली की खुशियां बांटते नजर आए।कार्यक्रम के दौरान भक्तों के लिए गुजिया, पापड़ और भोजन की विशेष व्यवस्था मंदिर के प्रबंधक की ओर से की गई थी। इस आयोजन में बड़ी



संख्या में नगर के गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए।मौके पर एसबी शर्मा एडवोकेट उच्च न्यायालय, सुगमेश्वर मंदिर के प्रबंधक प्रमोद दीक्षित, समाजसेवी भूपेश नंगू सिंह, जगदीश सिंह, उमेश सिंह, मोतीलाल लोधी, शिवा मास्टर, राजू भाई जी, राजू अवस्थी सहित सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहे।

इसके अलावा कार्यक्रम में पत्रकार साथियों की भी सक्रिय मौजूदगी रही। जिनमें दिनेश साहू पत्रकार, रामबाबू पत्रकार, श्रीपाल पत्रकार, पथिक पांडे पत्रकार, साहित्य शुक्ला, विनीत अवस्थी, राजेश पांडे और संतोष शुक्ला सहित कई पत्रकार साथी शामिल हुए।कुल मिलाकर सुगमेश्वर मंदिर में आयोजित होली मिलन समारोह प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश देता नजर आया, जहां लोगों ने एक साथ मिलकर फाग का आनंद लिया और होली के रंगों में सराबोर होकर त्योहार की खुशियां मनाईं। वायरल सच न्यूज के लिए ब्यूरो हेड पथिक पांडे की रिपोर्ट

## फाग व गुलाल के रंगों के बीच हुआ होली मिलन समारोह संपन्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के पावन धाम कुटी बीर बाबा में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में क्षेत्र के अजयपुर , असोहा , कन्दरपुर ,रैनपुर , दुर्गा खेडा ,नेवादा , हरिनामखेड़ा , सेमरी ,इस्लामनगर सहित कई अन्य गांवों के फगियारो कीटोली ने जम कर फाग नामक लोक संगीत गा बजा कर समा बांध दिया , आजु मैं हरिसे अस्त्र , गहियो ,हनुमान लंक खेले होरी , अवध में राना भयो मदार्ना जैसे फाग गया कर लोगो को ताली बजाने पे विवश कर दिया ,वही क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आये रामशंकर यादव , शिव नारायण अवस्थी , त्रिभुवन त्रिपाठी , राम जी गुप्ता , तेजस शुक्ल , नयन मिश्र , सहित सैकड़ों लोगों ने एक दूसरे को अबीर ,गुलाल लगाते हुए गले लगाया । कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता संजय शुक्ल ने लोगो को बधाई देते हुए कहा कि होली का त्योहार भाई चारे के त्योहार है , हम लोग आपसी वैमनस्यता दूर करके होली में एक दूसरे के गले मिलते



है ।इस दौरान जनार्दन शुक्ल , अनुज शुक्ल , दीपू बाजपेई , धीरज यादव , सुधीर लोधी , दिलीप पाल , फिरोज अहमद ,राखेलावन कोरी , सहित सैकड़ों की संख्या में छेत्र वासी मौजूद रहे ।उन्नाव क्षेत्र क के पावन धाम कुटी बीर बाबा में होलीमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में छेत्र के अजयपुर , असोहा , कन्दरपुर ,रैनपुर , दुर्गा खेडा ,नेवादा , हरिनामखेड़ा , सेमरी ,इस्लामनगर सहित कई अन्य गांवों के फगियारो कीटोली ने जम कर फाग नामक लोक संगीत गा बजा कर समा बांध दिया , आजु मैं हरिसे अस्त्र , गहियो ,हनुमान लंक खेले होरी , अवध में राना भयो मदार्ना जैसे फाग गया कर लोगो को ताली बजाने पे विवश कर दिया ,वही छेत्र के दर्जनों गांवों से आये रामशंकर यादव , शिव नारायण अवस्थी , त्रिभुवन त्रिपाठी , राम जी गुप्ता , तेजस शुक्ल , नयन मिश्र , सहित सैकड़ों लोगों ने एक दूसरे को अबीर ,गुलाल लगाते हुए गले लगाया । कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता संजय शुक्ल ने लोगो को बधाई देते हुए कहा कि होली का त्योहार भाई चारे के त्योहार है , हम लोग आपसी वैमनस्य दूर करके होली में एक दूसरे के गले मिलते है ।इस दौरान जनार्दन शुक्ल , अनुज शुक्ल , दीपू बाजपेई , धीरज यादव , सुधीर लोधी , दिलीप पाल , फिरोज अहमद ,राखेलावन कोरी , सहित सैकड़ों की संख्या में छेत्र वासी मौजूद रहे ।

## सात माह से मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों ने दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा ब्लाक के रोजगार सेवकों ने ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व मे मनरेगा कर्मियों को सात माह से मानदेय ना मिलने पर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर को दिया। वीरेंद्र यादव ने बताया की मनरेगा के तहत कार्य करने वाले रोजगार सेवक ,टीए,कम्प्यूटर आपरेटर , अतरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य कर्मियों को पहले दीपावली और अब होली त्योहार पर भी मानदेय भुगतान ना होने से पारिवारिक पालन -पोषण की समस्या से जूझना पड रहा हैं। रोजगार सेवकों को एसआईआर और क्रॉप सर्वे मे भी लगाया गया उसके साथ साथ पंचायतो मे मनरेगा के कार्य भी लिये जाते उसके बाद भी समय से




भुगतान ना होने पर हम लोग आगे कार्य करने मे असमर्थ हैं।अगर जल्द मानदेय का भुगताननहीं किया गया तो कार्यों का बहिष्कार करने पर मजबूर होने। इस दौरान पुनीत सिंह ,विपिन सिंह ,रुद्र बाजपेई ,भानु अवस्थी , राकेश कुमार , फिरोज अहमद अजय कुमार, मुकेश चंद ,रजनीश यादव सहित ब्लाक के अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने सोमवार को उन्नाव के जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में संचालित वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पीड़ित महिलाओं व बच्चियों को दी जा रही सुविधाओं की सराहना की। निरीक्षण के दौरान अपर्णा यादव ने बताया कि यह उनका दूसरा दौरा है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि पिछली बार दिए गए सुझावों पर अस्पताल प्रशासन और स्टाफ ने गंभीरता से कार्य किया है, जिससे व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है।उन्होंने विशेष रूप से केंद्र में बच्चियों और महिलाओं की नियमित काउंसलिंग की सराहना की। बताया गया कि काउंसलिंग के जरिए कई बच्चियों को उनके परिवारों से दोबारा जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत या घरेलू समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को भी मानसिक और



सामाजिक सहारा मिल रहा है। अपर्णा यादव ने वन स्टॉप सेंटर की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये केंद्र पारिवारिक या सामाजिक समस्याओं के कारण असुरक्षित महसूस करने वाली महिलाओं और बच्चियों के लिए सुरक्षित स्थान प्रदान करते हैं। यहां काउंसलिंग के साथ-साथ कानूनी सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की सराहना की, जिनके दृष्टिकोण के तहत देश के सभी जिलों में वन स्टॉप सेंटर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने इसे महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में वन स्टॉप सेंटर के लिए स्थायी भवन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे इन केंद्रों का संचालन सुचारु रूप से हो रहा है।इस दौरान अस्पताल की अधीक्षिका और अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे, जिन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

## अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महराज का किया गया जोरदार स्वागत



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।नगर के प्राचीन सिद्धपीठ शंकरी देवी मंदिर के समीप जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का नगरवासियों ने स्वागत किया। उनके आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग मंदिर परिसर के पास एकत्र हो गए। श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने उपस्थित लोगों को धर्म और गाय माता की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। शंकराचार्य के आगमन से श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मत्स्येंद्र गौड़, सतगुरु के मिश्रा, दीपेन्द्र ठाकुर, मुन्ना प्रवीन गौड़, तनय अवस्थी, बीनू राठौर, देवकीनंदन सैनी, गौरी शंकर सैनी, रोहित, सागर राठौर सहित कई धर्म परायण लोग और शंकराचार्य के अनुयाई मौजूद रहे।

## फाइनल मुकाबले में भारत की जीत पर जश्न का माहौल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भारत की जीत के बाद देर रात तक जश्न का माहौल रहा। इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच हुए फाइनल मुकाबले में भारत की शानदार जीत के बाद शहर से लेकर कस्बों और गांवों तक क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने आतिशबाजी की, ढोल-नगाड़ों पर नाचे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।मैच समाप्त होते ही उन्नाव शहर के बड़ा चौराहा, कचहरी रोड, आवास विकास, शुक्लागंज और सफीपुर रोड समेत कई इलाकों में युवाओं की भीड़ सड़कों पर उतर आई। युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे लगाए। कई जगहों पर युवाओं ने रैली निकालकर टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया।क्रिकेट प्रेमियों ने कई स्थानों पर पटाखे जलाकर जीत का जश्न मनाया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। लोगों ने कहा कि टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जिससे पूरे देश के साथ उन्नाव के लोगों को भी गर्व महसूस हुआ।शहर के खेल प्रेमियों ने भारतीय खिलाड़ियों के धैर्य और शानदार खेल की सराहना की। मैच के दौरान लोग टीवी और मोबाइल पर नजरें गड़ाए बैठे थे। जैसे ही अंतिम क्षणों में भारत की जीत सुनिश्चित हुई, पूरा माहौल उत्साह से भर गया।

उन्नाव के कई मोहल्लों में युवाओं ने ढोल बजाकर नाचते हुए जश्न मनाया। कुछ स्थानों पर मिठाइयां भी बांटी गईं और लोगों ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। क्रिकेट प्रेमियों ने कहा कि भारत की यह जीत देश के लिए गौरव का क्षण है और टीम इंडिया ने अपनी क्षमता साबित की है।कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी जीत का उत्साह देखा गया। बीघापुर, पुरवा, बांगरमऊ और हसनगंज क्षेत्र में भी युवाओं ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई। कई जगहों पर लोगों ने सोशल मीडिया पर भी जीत की बधाई देते हुए वीडियो और तस्वीरें साझा कीं। स्थानीय युवाओं ने कहा कि भारतीय टीम की जीत ने पूरे देश को एकजुट कर दिया है और क्रिकेट का यह जुनून लोगों को खुशी के एक सूत्र में बांध देता है। देर रात तक शहर के कई इलाकों में जश्न का माहौल बना रहा और लोग टीम इंडिया की जीत का आनंद लेते नजर आए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक युवती की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज लालगंज हाइवे स्थित ग्राम मुगलपुर निकट बाइक सवार एक 22 वर्षीय युवती को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई।शव की शिनाख्त पुरवा के वजीरगंज निवासी बुद्धू यादव की बेटी ज्योति के रूप में हुई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के पिता बुद्धू यादव ने बताया कि उसकी बेटी ज्योति सोमवार की सुबह घर में बिना कुछ बताए बाइक से निकली थी करीब ग्यारह बजे पुलिस द्वारा उसकी मौत की सूचना मिली है। मृतका खुद वाईक चला रही थी जो माखी थाना क्षेत्र के रूपऊ गांव निवासी यासीन की बताई जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में असमय काल का शिकार बने जिस युवक को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा वह युवती निकली

मृतक पैंट टी शर्ट पहन रखा था बाल लड़कों की तरह कटे होने के साथ खुद वाईक चला रहा था जिसको देखने वाला हर शख्स उसे युवक बता रहा था लेकिन शव के पास मिले मोबाइल और वाइक के नंबर के आधार पर जब पुलिस खोजते हुए उसके पिता बुद्धू यादव से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि वह उसकी 22 वर्षीय पुत्री ज्योती है वह लड़कों जैसे हाव भाव में रहती थी वैसा ही पहनावा भी पहनती रही है।पूछने पर खुद का नाम ज्योति के बजाय अंशू बताती रही है।कई बार उसे डांटा फटकारा जाने के बावजूद उसकी आदतों में सुधार नहीं हुआ।मृतका दो भाई दो बहनों में सबसे छोटी थी घटना वाले दिन मृतका की मां सुमन अपने दो पुत्र शुभम व अंशू के साथ मनौना धाम गए हुए है।बड़ी बहन आरती की शादी हो चुकी है। पिता घर में अकेले थे।एस ओ बृजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि पिता बुद्धू यादव ने बेटी ज्योति की शिनाख्त कर अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत होने की तहरीर दी है।

## अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने का युवती ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।थाना-विहार अन्तर्गत अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने, सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला प काश में आते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।बिहार थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सुनील कुमार कोरी पुत्र बच्चूलाल मेरे घर पहले से आता-जाता था।एक दिन उसने छिपकर मेरी अश्लील वीडियो व फोटो बना ली। उसके बाद वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा और वीडियो को इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी देकर लगभग एक वर्ष से जबरन मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा। बाद में उक्त सुनील कुमार ने मेरी अश्लील वीडियो अपने चचेरे भाई ललोरी पुत्र अज्ञात तथा गुड्डु पुत्र राकेश को दे दी।इन दोनों व्यक्तियों ने भी उसी वीडियो के आधार पर मुझे धमकाकर बारी-बारी से जबरन दुष्कर्म किया तथा मेरे साथ किए गए कृत्य का वीडियो भी बना लिया। उक्त सभी लोग मुझे अश्लील गालियां देते हुए लगातार धमकी देते रहे कि यदि किसी से शिकायत की तो जान से मार देंगे और वीडियो वायरल कर देंगे। लोक लज्जा और भय के कारण मैं यह बात पहले अपने परिवार को नहीं बता सकी। अत्यधिक मानसिक प्रताड़ना और भय के कारण अंततः मैंने यह पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। जिस पर मेरे भाई राजेश ने 05 मार्च दिन को हटिया मेला के पास सुनील कुमार से इस संबंध में पूछताछ की। तभी सुनील कुमार, उसका भाई अनिल, तथा ललोरी और गुड्डू ने एक राय होकर मेरे भाई को लात-घूंसों से बुरी तरह मारपीट की। किसी प्रकार जान बचाकर वह घर भागा। इसके बाद कुछ देर पश्चात उक्त सभी लोग एक राय होकर हमारे घर में जबरन घुस आए और मेरे भाई को फिर से बेरहमी से मारपीटा, जिसके बाद से मेरा भाई लापता है।इस बावत जब थाना प्रभारी राहुल सिंह बात की गई बताया तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

## तेज रफ्तार कंटेनर में मोपेड में मारी टक्कर बाबा पोती घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर एक कंटेनर ने मोपेड सवार बाबा-पोती को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से पोती की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह घटना सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हुई। बरहा कला ग्राम पंचायत के मजरा बाबा खेड़ा निवासी 13 वर्षीय पल्लवी, जो प्राथमिक विद्यालय बरहा कला में कक्षा 4 की छात्रा है, अपने बाबा भोला (65) के साथ मोपेड से घर लौट रही थी। तभी लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर स्थित गांव बाबा खेड़ा के समीप एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी मोपेड को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के




बाद वृद्ध बाबा और पोती गंभीर रूप से घायल हो गए। मियागंज सीएचसी में डॉक्टर अभिषेक चक्रवर्ती ने पल्लवी की हालत नाजुक देखते हुए उसे तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया।इस संबंध में आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि कंटेनर चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तीन छात्र इंस्पायर मानक अवॉर्ड के लिए चयनित



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। संडीला रोड स्थित आर एस इंटर कॉलेज के तीन विद्यार्थियों के आईडियाज सत्र 2025-2026 के इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित हुए हैं ।चयनित बच्चों में कक्षा 9 के छात्र आयुष पटेल का मॉडल हाइब्रिड एक्वा हार्वेस्टिंग टाइल्स , कक्षा 10 की छात्रा रुचिका गुप्ता का मॉडल इंटेलिजेंट बिजनेस डोर मैट एवं कक्षा 11 की छात्रा आख्या का मॉडल एन्टी बैक्टीरियल हील क्लीनर एवार्ड के लिए चयनित किये गए है। बच्चों को अब अपना मॉडल जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड के लिए प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा ।प्रबंधक रिजवान अहमद ने बच्चों की सफलता पर उन्हे बधाई और शुभकामनाएं दी है ।

## शाहजहांपुर में बनेगा भूकंपीय स्टेशन

### सांसद अरुण सागर के पत्र पर मंत्री जितेंद्र सिंह ने लिया संज्ञान, मौसम की सटीक जानकारी मिलेगी

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर में जल्द ही एक नया भूकंपीय स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, जिले के निवासियों को सप्ताह में दो बार मौसम की सटीक जानकारी भी मिलेगी। यह पहल भाजपा सांसद अरुण सागर द्वारा केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को लिखे गए एक पत्र के संज्ञान में आने के बाद की जा रही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) द्वारा शाहजहांपुर में यह नया भूकंपीय स्टेशन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में भूगर्भीय गतिविधियों की सटीक निगरानी करना है। मंत्री जितेंद्र सिंह ने पत्र के माध्यम से बताया कि देश भर में स्थापित किए जाने वाले 100 नए भूकंपीय स्टेशनों की प्रस्तावित योजना में शाहजहांपुर को भी शामिल किया गया है। जिले के किसानों को अब मौसम की सटीक जानकारी और कृषि संबंधी सलाह नियमित रूप से प्राप्त होगी। यह जानकारी मोदीपुरम इकाई के माध्यम से सप्ताह में दो बार, मंगलवार और शुक्रवार को उपलब्ध कराई जाएगी। सांसद अरुण सागर ने अपने पत्र में शाहजहांपुर वासियों के लिए मौसम चेतावनी प्रणाली और समय रहते भूकंप की चेतावनी पहुंचाने का सुझाव दिया था। उन्होंने आकाशीय बिजली गिरने और भूकंप जैसी आपदाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान और किसानों की फसलों की बबार्दी को रोकने के लिए यह कदम उठाया था। मंत्री ने पत्र के माध्यम से बताया कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान सेवाओं को मजबूत करने के लिए देश




में एक व्यापक और अत्याधुनिक भूकंपीय नेटवर्क संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में, एनसीएस 169 स्थायी भूकंपीय स्टेशनों के माध्यम से देशभर में भूकंपीय गतिविधियों की निरंतर निगरानी कर रहा है। इस नेटवर्क को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 100 अतिरिक्त स्टेशनों की स्थापना की योजना पर कार्य चल रहा है। इन नए स्टेशनों का लक्ष्य भूकंप सेवाओं को त्वरित, सटीक और व्यापक बनाना है, जिससे आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली मजबूत हो और जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शाहजहांपुर का इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल में शामिल होना जिले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। सांसद अरूण सागर ने मंत्री जितेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान सुख समृद्धि की ओर है।

## सम्पादकीय

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती टकराहट ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। इस संघर्ष का सबसे बड़ा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ सकता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। ऐसे में यह सवाल और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना होगा, ताकि किसी भी वैश्विक संकट के दौरान देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता पर गंभीर असर न पड़े। दरअसल, वैश्विक राजनीति और ऊर्जा आपूर्ति का गहरा संबंध है। जब भी किसी क्षेत्र में युद्ध या तनाव बढ़ता है, उसका सीधा असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ता है। वर्तमान हालात में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मिडिल ईस्ट क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसका असर भारत जैसे देशों पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से मंगाता है। यदि यह संकट और बढ़ता है तो देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं, साथ ही आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने समय रहते कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है। इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि देश में रसोई गैस की किल्लत न हो और उपभोक्ताओं को बिना रुकावट सिलेंडर मिल सके। हालांकि फिलहाल भारत को एक अस्थायी राहत भी मिली है। अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए 30 दिन का विशेष लाइसेंस दिया है। यह लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैध रहेगा, लेकिन यह राहत अस्थायी है और इससे यह भी स्पष्ट होता है कि ऊर्जा के मामले में भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों पर काफी हद तक निर्भर है। ऊर्जा क्षेत्र में यह निर्भरता भारत की संप्रभुता के लिए भी चुनौती बन सकती है। जब कोई देश अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है तो कई बार उसे अंतरराष्ट्रीय दबावों का सामना करना पड़ता है और ब्लैकमेलिंग का शिकार होता है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर पहले भी भारत को वैश्विक दबाव झेलना पड़ा है। इसी तरह अमेरिका द्वारा टैरिफ की धमकी देना भी यह संकेत देता है कि आर्थिक और ऊर्जा निर्भरता किसी भी देश को कमजोर बना सकती है। इसलिए दीर्घकालिक समाधान यही है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। इस संदर्भ में 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का मुद्दा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग माना जाता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश अपनी जरूरत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से आयात करता है। यदि ईरान और अन्य देशों के बीच तनाव के कारण यह मार्ग बाधित होता है तो भारत सहित पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा संकट गहरा सकता है।



जिरहनामा

कनक तिवारी

संविधान किसी को नौकरी देने की गारंटी नहीं देता। अनुच्छेद 14 में जरूर कहता है कि हर अधिकार के लिए सबको बराबरी का दर्जा देने प्रतिबद्ध है। सुनने में यह हिदायत ब्रह्म वाक्य की तरह है। चोर दरवाजे अचानक 'खुल जा सिम सिम' का संदेश मौन ध्वनि में फुसफुसाते हैं। इसे वे लोग ही सुनते हैं जिन्हें वह संबोधित किया जा रहा है। नौकरियां देने लोकसेवा आयोग गठित होते हैं। उनमें पदाधिकारी नियुक्त होते हैं। नियुक्त करने वाले नेता, नामित पदाधिकारी तथा नीचे काम करने वाला नौकरशाही अमला मिलकर आपसी प्रतिशत भागीदारी तय करते रहते हैं।

# संविधान के बीजगणित में हासिल शून्य

भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा इन्सानी जमावड़ा व आकर्षक मीनाबाजार भी है। धर्म, जातियां, क्षेत्र, भाषाएं, बोलियां, बीमारियां, मच्छर, वेश्याएं, विधवाएं, परित्यक्ताएं, बलात्कृत महिलाएं, निठल्ले धार्मिक, तपेदिक, एड्स और दिल के मरीज और वकील वगैरह भारत से ज़्यादा दुनिया में कहीं नहीं हैं। लोकतंत्र संविधान के मुताबिक चल रहा है-पाठ्य पुस्तकों में विद्यार्थी यही तोतारटंत कर रहे हैं। परीक्षा में वही लिखने से ही पास हो पाते हैं। कमाई का चाबुक जब पेट की रोटी देने में ही हीलाहवाला करता है। तब सोचते, खोजते और पाते हैं कि लोकतंत्र को गलती से लोहे की दीवारों से घिरा किला क्यों नहीं समझा लिखा था। उसकी चहारदीवारी में संविधान ने मूल अधिकारों, मूल कर्तव्य और उनकी देखभाल के लिए न्यायालयों की चौकस पहरेदारी बिठा तो दी है। संविधान भोला है। उसे नहीं मालूम चोरी एक कला है। चोरों के वंशज हिकमत से रास्ते बना लेते हैं जो लुटे हुए व्यक्ति को दिखाई नहीं देते।

संविधान किसी को नौकरी देने की गारंटी नहीं देता। अनुच्छेद 14 में जरूर कहता है कि हर अधिकार के लिए सबको बराबरी का दर्जा देने प्रतिबद्ध है। सुनने में यह हिदायत ब्रह्म वाक्य की तरह है। चोर दरवाजे अचानक 'खुल जा सिम सिम' का संदेश मौन ध्वनि में फुसफुसाते हैं। इसे वे लोग ही सुनते हैं जिन्हें वह संबोधित किया जा रहा है। नौकरियां देने लोकसेवा आयोग गठित होते हैं। उनमें पदाधिकारी नियुक्त होते हैं। नियुक्त करने वाले नेता, नामित पदाधिकारी तथा नीचे काम करने वाला नौकरशाही अमला मिलकर आपसी प्रतिशत भागीदारी तय करते रहते हैं। परीक्षाएं होती हैं। इंटरव्यू होते हैं। काबिल परीक्षार्थी खारिज हो जाते हैं। चोर दरवाजे से नियुक्तियां होती रहती हैं। अवैध नियुक्तियों की पुश्तैनी संततियां पैदा होती रहती हैं। असफल लोग संविधान के अनुच्छेद 14 की समता की लाठी से पिट रहे हैं।

अनुच्छेद 39 कहता है देश की संपत्ति स्त्रोतों पर जनता का नियंत्रण होगा। मंदिर का प्रसाद सबको मिलेगा। देश आकर्षक मंदिर है। मंत्री पुजारी होते हैं। अमीर सबसे बड़े भक्त होते हैं। वे पुजारी की हैसियत तय कर मुनासिब दान दक्षिणा का प्रबंध करते है। मंदिर के गर्भगृह तक ईश्वर की मूर्ति छूकर लक्ष्मी का पुण्य हासिल करते हैं। ईश्वर की मूर्ति छूना आम भक्तों के लिए वर्जित होता है। धर्मस्थल में चढ़ा प्रसाद हैसियत के अनुपात में वीआईपी भक्तों को दिया जाता है। उनके सामने पुजारी गिड़गिड़ाता है। मानो वे भक्त नहीं भगवान हैं। भगवान खुद बुत बने रहते हैं। मंदिर में हो रही कॉरपोरेटी भक्तों की लीला को पराजय की भावना से देखते भर रहते हैं। धर्म के आडंबर के नवयुग का उदय हो गया है। देश मंदिर है। खनिजों, जंगलों की कुदरती संपत्तियों, नदियों के पानी और हवा के क्षितिज तक को प्रसाद बनाकर बांट दिया गया है। मुफलिस भक्तों को समझाया जाता है। चाहें तो पकौड़े तलने का व्यवसाय करके आर्थिक समृद्धि प्राप्त करें। कहावत सुनाते हैं 'पढ़े




फारसी, बेचें तेल। यह देखो कुदरत का खेल।'

कहानियां सच भले नहीं हों। उनका संदेश सच होता है। राजा मोरध्वज ने आरी से अपने बेटे को ठीक बीच से चीर दिया था। वे न्याय करने बैठे थे। जहांगीर को तो बैल तक को न्याय देने का मन होता था। इन्साफ करती राजा डेनियल की कथाएं सुनाई जाती हैं और विक्रमादित्य की भी। सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट को उनका वंशज बनाकर अन्याय मिटाकर न्याय करने की पूरी ताकत दे दी गई है। न्यायाधीशों ने तय किया कि खुद के लिए न्याय पाना भी उनका पीढ़ियों तक उत्तरदायित्व होगा। पता नहीं यह अजूबा कैसे होता है। जज का बेटा जज, चीफ जस्टिस का बेटा चीफ जस्टिस होता चलता है। ईश्वरचंद्र विद्यासागर की नस्ल के गरीब घरों के पढ़ाकू लड़के वकालत में उस हद तक सफल नहीं होते जबकि जहीन होते हैं। जजों ने भी फिर कानून बनाया। सियासतदां लोगों ने भी मिली जुली कुश्ती की हामी भरी। जहां वकालत करते हैं। उसी हाईकोर्ट में जज बनेंगे। बेचारे छोटे अधिकारी तो अपने गृह जिले तक में नौकरी नहीं पाते। हाईकोर्ट के जज उसी इजलास में बैठकर न्याय करेंगे जहां कल तक खड़े होकर न्याय पाने कानूनी पैरवी करते थे। पुछल्ला यह भी कि रिश्तेदार, जूनियर, यार दोस्त और परिचित उसी अदालत में वकालत करते रहेंगे। संविधान टुकुर टुकुर देखता रहता है।

उद्योगपति संवैधानिक अधिकारों से लैस होकर देशभक्त होते हैं। शिक्षा और चिकित्सा दो बड़ी जरूरतें होती हैं। एक प्रदेश के मंत्री तो यहां तक कह गए हैं कि गरीब बहुत बच्चे पैदा करते हैं तो उन्हें अच्छी शिक्षा देने की जिम्मेदारी सरकार की नहीं है। उद्योगपतियों के मुखौटों ने सरकार से कहा। हमारे रहते बच्चों की शिक्षा की फिक्र सरकार क्यों करे। शिक्षा का निजीकरण कर दो। कुछ नियम शिथिल कर दो। न्यायालयों से उन पर कानूनी ठप्पा लगवा लो। बाकी धंधों में पिट चुके उद्योगपति रातोंरात शिक्षाधिपति बन गए। लाखों करोड़ों की फीस गरीब परिवारों की अंतड़ी से उखाड़े जा रहे हैं। घर बेचकर बच्चों को पढ़ाए जा रहे हैं। विरोध भी नहीं कर सकते। बच्चों की कापियां जांचने का काम भी तो निजी संसाधनों के कारिंदे करते हैं। पूरी युवा पीढ़ी पस्तहिम्मत, नौकरी लोलुप और कायर फौज बनी अमीरों की सेवा चाकरी के अभियान में जुटी है।

सरकारों के पास अस्पतालों और चिकित्सा के लिए भी धन नहीं है। संविधान में जिम्मेदारी अलबत्ता दी गई है। उद्योगपति देश सेवा की अपच की डकार लेते जनता को स्वस्थ करने के अभियान में जुट गए हैं। विश्व स्तर के अस्पतालों की श्रृंखलाएं बनाई जा रही है। विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिक यंत्रों से लैस निजी अस्पताल नये ताजमहल हैं। डॉक्टर ताज हैं। अस्पताल महल हैं। दिक्कत यही है मोटी फीस लिए बिना इलाज कर पाने के गुर नहीं जानते। पढ़ाई का खर्च जो वसूलना है। वेंटिलेटर नामक यंत्र विशेषज्ञों की मुश्किलें दूर करने और मरीज को मुक्त करने ईजाद कर ही लिया गया है। पता नहीं चलता उस पर पड़ा व्यक्ति जीवित है या मृत। वह महाभारत के भीष्म की तरह बाणों की शैय्या पर पड़ा लगता है। लाखों रुपए वसूलने पर लाश परिवार को दी जाती है। परिवार गौरव महसूस करता मोहल्लेभर को बताता है कि मृतक वेंटिलेटर पर मरा था। उसने साधारण मौत नहीं पाई।

सत्ता के और भी कई चोर दरवाजे हैं। मुख्यमंत्री का बेटा मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक का बेटा भी वही। लिखना नहीं आता फिर भी करोड़पति पिता की पुत्रोद्योग परंपरा के चलते आलिम फाज़लि पत्रकार और लेखक भी हो रहे हैं। सब ठीक चल रहा है। लोकतंत्र दलितों, आदिवासियों, पतितों, पिछड़ों और गरीब सवर्णों के बच्चों को सिखा रहा है कि अपने जीवन की कुरबानी करने से ही देश को तुम पर गौरव होगा।

विश्व अनाज दिवस

सुनील कुमार महला



# अन्न से आत्मनिर्भरता तक

अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं। 'विश्व अनाज दिवस' वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएं मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियां विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाना समय की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुंचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली। 'विश्व अनाज दिवस' का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है। इतिहास की दृष्टि से 'जौ' को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं। मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। 19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें। अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विशिष्ट है। भारत विश्व की लगभग 25 प्रतिशत दालों का उत्पादक और 27% उपभोक्ता है। वर्ष 2026 के हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत चना और मूंग जैसी प्रमुख दालों में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है।

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित

दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करे



संकलित

प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है।

योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मानवता को शर्मसार कर रहा युद्ध**

जब भी दुनिया के किसी कोने में युद्ध होता है तब मिसाइलें, बम या अन्य कोई भी चीज क्यों न हो, वो न धर्म देखते हैं, न जात या अन्य कोई चीज, इन सभी से मानवता शिकार होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल का ईरान के मिनाब स्थान पर ऐसा हमला एक स्कूल पर हुआ, जिसमें बहुत सी बच्चियों की मौत की खबर है। इसी तरह इस युद्ध में और भी बहुत से निर्दोष और निहत्थे लोग मर चुके हैं और मारे जा रहे हैं। यह खबरें दिल दहलाने वाली हैं और सवाल खड़े करने वाली है कि आखिर इन बच्चियों का क्या कसूर था? क्या हर मसले का हल मात्र युद्ध ही है? अगर हम इतिहास में हुए युद्धों पर नजर डाले तो यही बात सामने आएगी कि युद्ध हमेशा ही विनाशकारी और मानवता को शर्मसार करने वाले ही सिद्ध हुए हैं और इसमें निर्दोष और निहत्थे लोग मारे गए हैं। - राजेश पाठक, रायपुर

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारतीय समुदाय की पहचान के लिए समिति


सिंगापुर सरकार अगले पांच सालों में यहां रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की पहचान को मजबूत करने, समुदाय को बेहतर बनाने की कोशिशों में समन्वय करने और युवा नेतृत्व तैयार करने के लिए एक नई 'भारतीय साझेदारी और विकास पहल' (आईएनईआई) समिति बना रही है। चैनल न्यूज एशिया की शुक्रवार की रिपोर्ट के मुताबिक, यह अलग-अलग हितधारकों और सामुदायिक समूहों के साथ कई साझेदारियों और विचार-विमर्श के बाद किया जा रहा है, जिसमें 150 से ज़्यादा सिंगापुरी-भारतीय संगठन और 35 साल तथा इससे कम उम्र के 240 से अधिक सिंगापुरी-भारतीय युवा शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है।



## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत



रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आज भारतीय नौसेना के लिए वॉरशिप्स और सबमरीन भारतीय शिपयार्ड्स में ही बन रही हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है 2030 तक दुनिया के टॉप टेन शिपबिल्डिंग नेशन्स में स्थान बनाना और 2047 तक टॉप फाइव में पहुंचना।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### विमान दुर्घटना



विमान दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश के निधन से मैं अत्यंत स्तब्ध हूं। राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और वीरतापूर्ण सेवा भारतीय वायु सेना की सर्वोच्च भावना को दर्शाती है।

- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### दो नए कॉरिडोर



दिल्ली की रफ्तार अब और तेज होने जा रही है। 8 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली दिल्ली मेट्रो की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दिल्ली मेट्रो फेज-4 के तहत दो नए कॉरिडोर दिल्लीवासियों को समर्पित किए जाएंगे।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### ट्रंप के सामने नतमस्तक



भारत को रशिया से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इजाजत की क्यो जरूरत है? मोदी जी, आखिर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## संक्षेप

### समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक

#### संगठन मजबूती और नए मतदाताओं पर दिया जोर

अमेठी , समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार, 7 मार्च 2026 को जिला मुख्यालय गौरीगंज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव अरशद अहमद ने किया। इस बैठक की जानकारी जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने दी।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी नया मतदाता वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। यादव ने आशंका व्यक्त की कि सरकार की मंशा अल्पसंख्यक और ओबीसी वर्ग के मतदाताओं के नाम काटने की हो सकती है। इसलिए कार्यकताओं को पूरी तरह सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी कार्यकताओं को सक्रिय रहने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि जो नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहेंगे और जनता के बीच काम करेंगे, वही भविष्य में विधानसभा टिकट के हकदार होंगे। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते लूट और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सरकार की आलोचना की। बैठक में राकेश यादव, संग्राम सिंह, राम प्रसाद, अभिषेक प्रजापति, दीपु तिवारी, चंद्रशेखर यादव, गुलशेर अली खान और शिव दर्शन यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुसाफिरखाना में समाधान दिवस पर 15 शिकायतें मिलीं

#### 3 का मौके पर निस्तारण; डीडीओ और एसडीएम मौजूद रहे

अमेठी , मुसाफिरखाना तहसील परिसर में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। ज्यादातर शिकायतें राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़ी थीं। सीडीओ की गैरमौजूदगी में डीडीओ वीरभान सिंह और एसडीएम अभिनव कन्नौजिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में शुकुल बाजार क्षेत्र के खालिस बाहरपुर गांव से एक अहम शिकायत सामने आई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है। उनके अनुसार, इस निर्माण से जल निकासी बाधित हो गई है, जिससे बरसात में कई घरों में पानी भर जाता है। डीडीओ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग की एक संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण का आदेश दिया। इसी तरह, शुकुल बाजार क्षेत्र के पूरे जगाई पांडे गांव की निवासी हीरा कुमारी ने शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दबंगों ने उनकी आलू की फसल खोदकर ले ली

## छात्राओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने में बड़ा योगदान दे रही हैं केडीसी की शिक्षिकाएं: मेजर डॉ एसपी सिंह

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। केडीसी की शिक्षिकाएं यहाँ पढ़ने वाली छात्राओं को सशक्तिकरण और स्वावलंबन का पाठ पढ़ा रही हैं। ज़िले में बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने में इनका योगदान प्रशंसनीय है।कॉलेज में चार हजार छात्राएँ शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। इनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कालेज हर स्तर पर प्रयास करने के लिए संकल्पबद्ध है। ये विचार स्वायत्तशासी संस्था किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित एक सम्मान समारोह में महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह ने व्यक्त किए ।यह सम्मान समारोह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के चित्रकला विभाग की शिक्षिका सविता वर्मा को शाश्वत फाउण्डेशन अहमदाबाद द्वारा प्रेषित आईकान आफ वीमेन इंपावरमेंट अवार्डप्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ सत्यभूषण सिंह थे ।इस अवसर पर आई क्यू ए सी के चेयरमैन प्रो डॉ सूर्यभान रावत, वनस्पतिशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ गोपाल कृष्ण शुक्ल, वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सतीश सिंह, कार्यालय अधीक्षक ह्यराजवंत सिंह, मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह, गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी तस्नीम फातिमा जैदी, योगा प्रशिक्षक डॉ सत्यम सिंह, रसायनशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर आकांक्षा रस्तोगी, पल्लवी बर्मा सहित अनेक शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## अफवाहो के बीच रुपईडीहा में एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी तेज, उपभोक्ता परेशान

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फैली अफवाहों के बीच सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी तेज हो गई है। गैस की कमी की चर्चा फैलते ही कुछ बिचौलियों ने इसका फायदा उठाते हुए सिलेंडरों को ऊंचे दामों पर बेचना शुरू कर दिया है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। नगर पंचायत रूपईडीहा में विभिन्न कंपनियों के गैस सिलेंडरों के बड़े उपभोक्ता मौजूद हैं, जिसके कारण यहां घरेलू गैस की खपत भी काफी अधिक रहती है। कस्बे में इंडियन गैस कंपनी की एजेंसी तो है, लेकिन भारत गैस कंपनी की एजेंसी नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को अक्सर गैस सिलेंडर प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे ही एलपीजी गैस की कमी की अफवाह फैली, वैसे ही कालाबाजारी करने वाले सक्रिय हो गए और घरेलू गैस सिलेंडरों को अधिक कीमत पर बेचकर भारी मुनाफा कमाने लगे। मजबूरी में उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है।

कस्बे के लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## 18 रमजान पर रुपईडीहा में रोजा इफ्तार का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर





रुपईडीहा, बहराइच। पवित्र माह रमजान की 18 रोजा पर भारतझनेपाल सीमा स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा के प्राइमरी स्कूल के पास पर भव्य रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राइमरी स्कूल के पास मुस्लिम युवाओं की टीम द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास और अकीदत के साथ किया गया। इफ्तार कार्यक्रम में कस्बे के सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत कर या सामूहिक रूप से रोजा खोला। आयोजकों द्वारा रोजेदारों के लिए खाने-पीने, शरबत और अन्य इफ्तार सामग्री का बेहतर इंतजाम किया गया था। पूरे कार्यक्रम का माहौल भाईचारे, आपसी प्रेम और धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर आयोजक युवाओं में जानु, साकिब, शोएब गोलू इरफान शकील सिराज रोमन सहित दर्जनों युवाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने आयोजकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक बताया।

## सरार्फा व्यापार मंडल का वार्षिकोत्सव व होली मिलन समारोह सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सरार्फा व्यापार मण्डल (रजि.) द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं होली मिलन समारोह रविवार को रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गीत-संगीत, लोकनृत्य, मेहंदी प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथियों व समाजसेवियों को प्रमाणपत्र, स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।रविवार सायंकाल आयोजित होली मिलन समारोह में सरार्फा व्यापारियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर गुलाल व अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए गीत, संगीत और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने देर रात तक लोगों को बांधे रखा ।समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्व. अमरीक लाल मल्होत्रा के प्रतिनिधि, स्व. रामनाथ सर्राफ के प्रतिनिधि कन्हैया सोनी, दीपक प्रकाश सोनी (दाऊ जी), मगन बिहारी रस्तोगी, राकेश वर्मा, मदन लाल रस्तोगी, परशुराम त्रिपाठी, प्रदीप सर्राफ, नागेश्वर नाथ रस्तोगी तथा सुमित कुमार खन्ना को स्मृतिचिन्ह, प्रमाणपत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक रस्तोगी ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी सहभागिता रही ।इस अवसर पर अध्यक्ष सत्येंद्र रस्तोगी, महामंत्री राजेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष आशुतोष सोनी, हेमंत मिश्र, सचिन श्रीवास्तव, गुरुदेव सिंह नागर, महेश गुप्ता, नूर ज्वैलर्स, अर्जुन रस्तोगी, कन्हैया सोनी, रवि रस्तोगी, रनीश जैन सहित बड़ी संख्या में सरार्फा व्यापारी सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का भी आयोजन किया गया।

## निमार्णाधीन मंदिर की दीवार तोड़े जाने से बढ़ा विवाद, ग्रामीणों में आक्रोश

### लोधनपुरवा गांव में निमार्णाधीन मंदिर की दीवार गिराए जाने को लेकर हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के शिवपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत लोधनपुरवा गांव में निमार्णाधीन मंदिर की दीवार गिराए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और दो दर्जन से अधिक लोगों ने विरोध जताते हुए हंगामा किया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए मंदिर निर्माण जारी रखने की मांग की ।गांव निवासी बरकत अली, नफीस, रामचन्दर, वीरसेन, ओमकार, संतोष, मनीराम, सुरेन्द्र नाथ, कंधई लाल, कृपा राम, राम अचल, चांदनी, रूपा, कांति देवी, पुष्पा, गीता, प्रेमावती, बिट्टा और राधा समेत दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थान करीब दो दशकों से देवस्थान के रूप में जाना जाता है, जहां गांव के लोग पूजा-पाठ करते आ रहे हैं। ग्राम प्रधान वारिश अली ने बताया कि लगभग 30 वर्षों से ग्रामीण यहां पूजा-अर्चना करते रहे हैं। बीते दो वर्षों से यहां दुर्गा पूजा और मूर्ति पूजन भी किया जा रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसकी पश्चिम दिशा की दीवार कुछ लोगों द्वारा गिरा दी गई। वहीं दूसरे पक्ष के मन्नू का कहना है कि जिस भूमि पर मंदिरका निर्माण किया जा रहा है, वह जमीन उनके नाम दर्ज है और गांव के लोग जबरन निर्माण करा रहे हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल राकेश कुमार ने बताया कि उक्त भूमि मन्नू के नाम दर्ज है। जबकि खैरीघाट थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, फिलहाल इसकी जांच कराई जा रही है।

## जाम से निजात पाने के लिए जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

### नगर पंचायत मिहींपुरवा में लग रहे जाम से हो रही परेशानी

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर बहराइच। थाना मोतीपुर क्षेत्र के नगर पंचायत मिहींपुरवा में लगातार जाम की समस्या से दिन पर दिन परेशानी बढ़ती जा रही है ।कई बार तो एंबुलेंस से लेकर सरकारी वाहन भी जाम में कराहते हुए नजर आए हैं जाम की समस्या से निजात पाने के लिए आदर्श ऑटो रिक्शा चालक कल्याण समिति यूनियन मिहींपुरवा के अध्यक्ष महेश मिश्रा मंत्री ऋषिकांत श्रीवास्तव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी को पत्र सौंप कर जाम से निजात दिलाए जाने की मांग की है। पत्र में नगर पंचायत मिहींपुरवा में आए दिन जाम की समस्या के कारण स्कूली बच्चों और आते-जाते हुए राहगीरों सहित मरीज व एंबुलेंस आदि को समस्या का सामना करना पड़ता है। पत्र में जाम से निजात दिलाया जाने और चिन्हित वाहनों को बाईपास से निकाले जाने की मांग की गई है। इस मौके पर दिलीप कुमार वारिस सरोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गर्भवती पीड़िता मांग रही 'इच्छा मृत्यु'

### पति की मौत के बाद विधवा से दिखाई हमदर्दी, शादी का झांसा देकर 10 लाख ठगे

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,पति की मौत के गम में डूबी महिला को सहारे की तलाश भारी पड़ गई। फेसबुक पर मिले एक दोस्त ने पहले हमदर्दी जताई, फिर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। जमापूंजी के 10 लाख रुपए भी हड़प लिए। अब 7 महीने की गर्भवती पीड़िता न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। एसएसपी दफ्तर पहुंची महिला ने रोते हुए गुहार लगाई, ह्यसाहब ! या तो न्याय दिला दो, या इच्छा मृत्यु की अनुमति दे दो।

#### एक साल पहले हुई पति की मौत

पीड़िता लोधा क्षेत्र की रहने वाली है। उसके पति एक कंपनी में फोरमैन थे, जिनकी 1 जनवरी 2025 को हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। पति की मौत के करीब तीन-चार महीने बाद महिला की मुलाकात फेसबुक के जरिए आगरा निवासी धीरज सिंघल से हुई। आरोपी ने खुद को विधुर बताया और कहा कि उसकी पत्नी की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। उसने महिला को शादी का प्रस्ताव दिया और भावनात्मक जाल में फंसा लिया।

#### गर्भवती होने पर दिखाई हैवानियत

महिला का आरोप है कि धीरज ने शादी का झांसा देकर उसे एक होटल में बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब महिला गर्भवती हो गई और उसने धीरज को इस बारे में बताया, तो आरोपी का असली चेहरा सामने आ गया। आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया और महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी उसे गर्भपात की दवाइयां लाकर देने लगा और लगातार दबाव बनाने लगा।

#### बैंक में जमा 10 लाख रुपए और जेवर हड़पे

पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने भविष्य के लिए ग्रामीण बैंक (लोधा) में 10 लाख रुपए फिक्स (ऋऊ) कराए थे। आरोपी धीरज ने अपनी बेटी की बीमारी और व्यापारिक घाटे का बहाना बनाकर इमोशनल ब्लैकमेल किया। उसने कहा था कि 15 दिन में पैसे लौटा देगा। आरोपी ने जेवर भी ले लिए। अब 7 महीने बीत गए हैं, न पैसे दे रहा है और न शादी कर रहा है। पूछने पर गाली-गलौज और बदतमीजी करता है।12 साल के बेटे ने घर से निकालाइस धोखे ने महिला को सामाजिक रूप से भी कहीं का नहीं छोड़ा।

## रूपईडीहा में इंडियन बैंक प्रबंधक से समाजसेवियों की औपचारिक भेंट

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। कस्बे के प्रसिद्ध व्यापारी, समाजसेवी एवं पत्रकार तथा उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच के उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन ने अपने साथियों के साथ इंडियन बैंक शाखा रूपईडीहा के प्रबंधक पवन सिंह से औपचारिक भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान कस्बे के विकास, बैंकिंग सुविधाओं तथा व्यापार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। शेर सिंह कशौधन ने बताया कि शाखा प्रबंधक पवन सिंह व्यवहार कुशल और उत्कृष्ट प्रबंधन क्षमता वाले अधिकारी हैं। उनके कार्यभार संभालने के बाद से शाखा का कार्य सुचारु और तीव्र गति से संचालित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बैंक के उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती। खाता धारकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता है, जिससे ग्राहकों का विश्वास बैंक के प्रति लगातार बढ़ रहा है। साथ ही बैंक का कारोबार भी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ा है और कस्बे के कई व्यापारी इस बैंक से जुड़कर अपने व्यापार को आगे बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर कस्बे के समाजसेवी जगदीश कौशल और विजय सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## फाइलेरिया के मरीजों के बीच किट का हुआ वितरण



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के नसरुद्दीन, माधुरी, कृपाराम, सावित्री, जमीला सहित लगभग बीस मरीजों कों राष्ट्रीय फाइलेरिया कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया किट प्रदान किया गया ।जिससे मरीज घर पर ही अपने घावों और प्रभावित अंग कों बेहतर देखभाल कर सके। आयोजित कार्यशाला फायलेरिया निरीक्षक डॉक्टर विमल कुमार व अभिषेक जयसवाल पाथ संस्था द्वारा संपादित हुआ। इस मौके पर अधीक्षक डॉ महेश कुमार विश्वकर्मा, हरीराम आर्य स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, मोहम्मद महफूज खान स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नहर में डूबी दो बहनों के शव मिले

### तीसरे दिन 12 किमी दूर मिले, 3 घंटे बाद तीसरी बच्ची का शव भी मिला

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , शारदा सहायक नहर में डूबी तीन बच्चियों में से दो सगी बहनों के शव तीसरे दिन बरामद कर लिए गए हैं। ये शव घटना स्थल से करीब 12 किलोमीटर दूर मिले। तीसरी बच्ची की तलाश जारी रही, करीब 3 घंटे बाद उसका शव भी बरामद हो गया। पुलिस व प्रशासन की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही थीं। यह दर्दनाक हादसा गुरुवार को संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के डांडिया गांव के पास शारदा सहायक खनवारी नहर में हुआ था। जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे डांडिया गांव निवासी पांच बच्चे (एक लड़का और चार लड़कियां) जानवर चराने के लिए घर से लगभग 200 मीटर दूर नहर के पास गए थे। होली के रंग लगे होने के कारण सभी बच्चे नहर में नहाने लगे। नहाते समय अचानक तीन बच्चियां गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। साथ में मौजूद सतीश यादव (पुत्र हरिकृष्ण) और काजल पटेल (पुत्री रामनरेश पटेल) ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। हालांकि, नहर के तेज बहाव और गहराई के कारण वे तीनों को बचा नहीं सके और बच्चियां नहर में लापता हो गईं। लापता बच्चियों की पहचान मोहिनी (12 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार पटेल, रिया (12 वर्ष) पुत्री रामनरेश पटेल और आंचल (15 वर्ष) पुत्री रामनरेश पटेल के रूप में हुई थी। इनमें रिया और आंचल सगी बहनें थीं। रिया प्राथमिक विद्यालय खनवारी में पढ़ती थी, जबकि आंचल इंटर कॉलेज संग्रामगढ़ की छात्रा थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए थे और परिवार में मातम छा गया था। पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से लगातार तलाश अभियान चलाया जा रहा था।

## संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म-अपहरण के आरोपी को 10 साल कारावास

**बागपत न्यायालय ने 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया, 2022 में दर्ज हुआ था मामला**

बागपत, न्यायालय ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह घटना वर्ष 2022 में बिनौली थाना क्षेत्र में हुई थी। आरोपी मोनू पुत्र राजवीर, जो मवीकला गांव का निवासी है, उसने 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर घर से अगवा कर लिया था। इसके बाद उसने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान अपहरण के साथ दुष्कर्म की धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया था। यह मामला वर्ष 2022 से न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय ने सभी गवाहों की गवाही और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया। आरोपी मोनू को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। एडीजीसी इंद्रपाल ने बताया कि न्यायालय ने सभी गवाहों और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया है। आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा मिली है।

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा बैठक

**योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, लोग रहे मौजूद**

बागपत , शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य जनपद के समग्र विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना था। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि केवल कागजी प्रगति पर्याप्त नहीं है, बल्कि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लोगों को मिलना आवश्यक है। सांसद ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, कौशल विकास, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को इस योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए सांसद ने 'हर घर नल से जल' योजना का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों में पाइपलाइन बिछाने के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनकी तुरंत मरम्मत कराई जाए। कृषि योजनाओं की समीक्षा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और कृषि सिंचाई योजना का लाभ किसानों तक पहुंचाने पर बल दिया गया। अधिकारियों को किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए। ग्रामीण विकास, सड़क निर्माण, पेंशन योजनाएं, स्वयं सहायता समूह और रोजगार से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। सांसद ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## साइबर ठगी से बची युवती...इंग्लैंड से आई कॉल

### दिल्ली एयरपोर्ट पर गिफ्ट के नाम पर मांगे 12 हजार, परिवार को धमकी दी

**अमन लेखनी समाचार**





प्रयागराज, नैनी चकदोदी की रहने वाली एक युवती ने अपनी सूझबूझ से साइबर ठगी का शिकार होने से बच गई। युवती को बार बार व्हाट्सएप कॉल पर फोन और मैसेज कर परेशान किया जा रहा था। दरअसल युवती के पास इंग्लैंड से कॉल आई है। राहुल गुप्ता के नाम से युवक ने फोन करके युवती को पहले पसंद करने की बात की। फिर युवती के लिए बहुत सारा गिफ्ट दिल्ली एयरपोर्ट पर भेजकर 12 हजार रुपए ऑनलाइन भेजने को कहा। जब युवती ने मना किया तो युवक ने फोन पर पूरे परिवार को उठा ले जाने की धमकी भी दी। इसके बाद युवती ने कई बार फोन आने पर नंबर को ब्लॉक कर दिया। घरवालों को उठा ले जाने की धमकी युवती ने बताया कि जब पैसे भेजने से मना किया तो युवक ने कहा कि सीबीआई को सूचना दी गई है। यहां से पुलिस जाएगी और पूरे घर को उठा लाएगी। इसके बाद डर के कारण फोन काट दिया। लेकिन युवक ने पैसे भेजने का दबाव बनाने के लिए कई बार फोन किया। कुछ देर के बाद युवती ने घबरा के अपने घरवालों को इसकी जानकारी दी। काफी परेशान होने के बाद युवती ने अपनी सूझबूझ से नंबर को ब्लॉक कर दिया और फिर साइबर क्राइम का शिकार होने से बच गई। अब जानिए पूरा मामला नैनी चकदोदी की रहने वाली साईंमा के मुताबिक उनके पास 7 मार्च को एक व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने अपना नाम राहुल गुप्ता बताया। इसके बाद युवक ने पसंद करने की बात की। जब मैने मना किया तो युवक ने कहा कि आपके लिए कुछ गिफ्ट भेजा हूं। दिल्ली एयरपोर्ट पर सामान पहुंच गया है। इसके बाद मैने फोन काट दिया। युवक ने फिर फोन किया और एक बार कोड यास्मीन सुल्ताना के नाम पर भेजा। युवक ने उस बार कोड पर आनलाइन 12 हजार रुपए भेजने को कहा। इसके बाद युवती ने पैसे भेजने से मना कर दिया और फोन काट दिया। अप ने पूरी बात अपने घर वालों को बताई। अपनी सूझबूझ से नंबर को ब्लॉक कर खुद को ठगी का शिकार होने से बचा लिया।

## महिलाओं में ज्यादा है ब्रेस्ट कैंसर जोखिम

### कैंसर से बचाव के लिए 9-14 वर्ष की लड़कियों को वैक्सीन जरूरी, 80% खतरा हो जाता है कम

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज, देश में पिछले तीन दशकों में स्तन कैंसर के मामले दोगुने से अधिक हो गए हैं। जो अब महिलाओं में सबसे आम कैंसर बन गया है। जिसमें कम उम्र (50 वर्ष से कम) की महिलाएं भी तेजी से प्रभावित हो रही हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इलाज संभव है लेकिन उपचार की सुलभता अभी भी एक बड़ी चुनौती है। हर साल हजारों नए मामले सामने आ रहे हैं और मरीजों की औसत आयु पश्चिमी देशों की तुलना में कम है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के रेडियोथेरेपी विभाग अध्यक्ष डॉ. राधा केसरवानी ने स्तन कैंसर बताया कि शुरूआती पहचान और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एसआरएन अस्पताल में सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी जैसी सभी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं। कैंसर की स्टेज के आधार पर उपचार तय होता है। यदि कैंसर फैल चुका हो, तो इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी का उपयोग किया जाता है। रेडियोथेरेपी और कीमो के माध्यम से अंगों को सुरक्षित रखते हुए इलाज संभव है। वहीं 40-50 वर्ष की महिलाओं में इसका खतरा सबसे अधिक है। 40 की उम्र के बाद हर दो साल में मैमोग्राफी और हर महीने 'स्व-जांच' अनिवार्य है। किसी भी दर्दरहित गांठ को नजरअंदाज न करें। इसके साथ ही मोटापा, वसायुक्त आहार और हार्मोनल बदलाव इसके प्रमुख कारक हैं। वहीं बच्चेदानी के कैंसर के मामले भी बढ़ रहें है। जिससे बचाव के लिए 9-14 वर्ष की लड़कियों को वैक्सीन लगवाना चाहिए। जिससे 80% तक खतरा कम हो जाता है। पैप स्मीयर टेस्ट भी प्रारंभिक चेतावनी में सहायक है। उन्होंने बताया कि जागरूकता की कमी और सामाजिक संकोच के कारण महिलाएं देरी से अस्पताल पहुंचती हैं। शुरूआती स्टेज में इलाज की सफलता दर 90% से अधिक है। महिलाएं शरीर में होने वाले बदलावों के प्रति सजग रहें और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेकर स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करें।

## खाड़ी देशों में फंसे भारतीय, परिजनों ने मांगी मदद

**जिला प्रशासन के हेल्पलाइन पर पांच लोगों ने दी सूचना**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, इजराइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर हमले के बाद खाड़ी देशों में छिड़े युद्ध के कारण बड़ी संख्या में भारतीय फंस गए हैं। इन भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के लिए जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए थे। पहले ही दिन जिला मुख्यालय के हेल्पलाइन नंबर पर पांच लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों के विभिन्न देशों और शहरों में फंसे होने की सूचना दर्ज कराई। उन्होंने अपने परिजनों को सकुशल भारत वापस बुलाने का अनुरोध किया है। जिला प्रशासन ने बताया कि ऐसे सभी लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। यह जानकारी केंद्र सरकार को भेजी जा रही है, ताकि केंद्र सरकार उनकी मदद के लिए ठोस कदम उठा सके। हेल्पलाइन नंबर पर जागृति विहार निवासी राजकुमार ने सूचना दी कि उनके भाई विशाल शर्मा बहरीन में नौकरी करते हैं और अब वहीं फंसे हुए हैं। उन्होंने अपने भाई को वहां से सुरक्षित निकालने की गुहार लगाई है। इसी तरह, गढ़ रोड स्थित लख्मी विहार निवासी सिद्धांत विनय आबू धाबी में कार्यरत हैं। उनके परिजनों ने भी उन्हें सुरक्षित वापस बुलाने की मांग की है। रुड़की रोड स्थित न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी संदीप कुमार दुबई गए थे और युद्ध शुरू होने के कारण वहीं फंस गए हैं। उनकी पत्नी अंजली ने हेल्पलाइन पर सूचना दर्ज कराकर मदद मांगी है। जिले के राहत आपदा प्रभारी और एडीएम वित्त सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि तीनों तहसीलों के एसडीएम और तहसीलदार के नंबरों को भी हेल्पलाइन नंबर घोषित किया गया है।

## लंबित भुगतान न मिलने से रोजगार सेवक रोड पर

### हताश कर्मचारियों ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

**समरजीत सोनकर**




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के रोजगार सेवक मनरेगा मजदूर तथा अन्य कर्मचारी ईपीएफ भुगतान तथा विगत 6 माह से लंबित मानदेय न मिलने पर भुखमरी की कगार पर आ गए पारिश्रमिक न मिलने पर जीवन की दैनिक दिनचर्या रहन-सहन परिवेश बच्चों की शिक्षा खान-पान में भारी प्रभाव पड़ा जिससे आहत होकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे रोजगार सेवकों समेत अन्य मनरेगा मजदूरों ने खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे के माध्यम से उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा कर्मचारियों ने अपना दुख दर्द बताते हुए रोष प्रकट किया कि विगत दीपावली पर्व से लेकर होली पर्व के बीच किसी भी प्रकार का मानदेय या ईपीएफ भुगतान कर्मचारियों को नहीं दिया गया जिससे आर्थिक तंगी पूर्ण रूप से आ चुकी है घरेलू आवश्यकताएं तथा दैनिक दिनचर्या में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे ने कर्मचारी एवं मजदूरों के लंबित भुगतान की समस्याओं के निस्तारण हेतु उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया इस मौके पर रोजगार सेवक घसीटे लाल जीतेंद्र शैलेंद्र पूनम गुप्ता कल्पना मुकेश मनोज रामहेत मुकेश कुमार जयकरन पाल धर्मेंद्र शैलेंद्र कुमार आर्य कुमार पाण्डेय धीरेंद्र श्रवण कुमार राकेश सुरेश राजेश देव कुमार विनोद कुमार समेत भारी संख्या में कर्मचारी व मनरेगा श्रमिक मौजूद रहे

## आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के बाहर छात्रों में मारपीट

**दो गुटों के बीच चले बेल्ट, जमकर धक्कामुक्की; पुलिस बोली- एक्शन लेंगे**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, आईआईएमटी विश्वविद्यालय के गेट पर छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। इसमें छात्र आपस में जमकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं जबकि आसपास मौजूद लोग घटना का वीडियो बनाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि यह वीडियो कब का है इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस दोनों ही मामले की जांच में जुटे हैं। पूरा मामला आईआईएमटी विश्वविद्यालय के गेट के पास का है। छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के छात्र आपस में हाथापाई और धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान आसपास मौजूद लोग घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड करते दिखाई दे रहे हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय के गेट के बाहर ऐसी किसी ताजा घटना की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो पुराना भी हो सकता है, लेकिन मामले की जांच कराई जा रही है। वहीं गंगानगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है और पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## निगम की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास

### सपा कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए पहुंचे, टैक्स का विरोध कर चंदा वसूला

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद ,बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में समाजवादी पार्टी ने गाजियाबाद नगर निगम पर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। सपा जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष समेत कार्यकर्ता निगम पहुंचे, पुलिस ने कार्यकताओं को अंदर नहीं जाने दिया। और बाहर गेट पर ताला जड़ दिया, अंदर नगर निगम की बैठक में मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक और सभी पार्षद हैं। सपा के पार्षद ने कहा शहर में हाउस टैक्स गलत तरीके से बढाया जा रहा है। यह व्यापारियों और आम लोगों का उत्पीड़न है। 1702 दुकानों में से रामानुज दयाल मार्केट डी ब्लॉक की 78 दुकान तथा सी ब्लॉक मार्केट कवि नगर की 19 दुकान जिनका प्रीमियम जमा हुआ था। उनको हाउस टैक्स के दायरे में लेने का निर्णय लिया है, साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद 97 दुकानों को हाउस टैक्स के दायरे में लिया जाएगा निर्णय लिया गया है। मेयर से पत्रकारों ने सवाल किए तो बीच में ही जाने लगीं मेयर से पत्रकारों ने सवाल किए तो बीच में ही जाने लगीं।बोर्ड बैठक में 1605 दुकान जिनके किराए में लगभग 50 प्रतिशत की कमी की गई है जिस पर समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया है दुकानदारों द्वारा समिति का धन्यवाद किया गया। सदन की बैठक में पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद शीतल देओल, पार्षद ओमप्रकाश व उपस्थित अन्य पार्षदों द्वारा समिति के लिए गए निर्णय पर मुहर लगाई। 1 वर्ष से 1702 दुकान के किराए को लेकर नगर निगम तथा व्यापारियों के बीच चर्चा बनी हुई थी पूर्व में बहुत ही कम किराया वसूल किया जा रहा था। बीच बीच में नारेबाजी, आखिर में हाथ उठवाकर निर्णय 100 में से बैठक में 82 पार्षद पहुंचे। इनमें से महापौर और नगर आयुक्त ने जो निर्णय लिए उसके समर्थन में 51 सदस्यों ने समर्थन किया। दो पार्षदों ने विरोध जताया। बाकी ने कोई निर्णय नहीं लिया। जिसके 4 घंटे तक चली निगम की बैठक में खूब हंगामा हुआ।

## सीओ बोले- पुलिस का अपमान हुआ तो ठीक नहीं होगा

### मेरठ कलेक्ट्रेट पर किसान नेता ने एसएसआई से कहा- तुम्हारी वजह से हम यहां बैठे हैं

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ ,सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के साथ धरना प्रदर्शन में शामिल किसान मजदुर संगठन के लोगों को हिरासत में लेने के बाद व्यापारियों और संगठन के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद जब किसान संगठन के एक व्यक्ति अंशुल तोमर ने एक ररक से हॉट टॉक की तो सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने अंशुल तोमर को खूब फटकार लगाई और व्यहवार ठीक रखने की नसीहत भी दी। किसान नेता- जब हम अपने साथियों के बारे में तुमसे थाने में पूछ रहे थे तो जवाब क्यों नहीं दिया अब बुलाओं अपने सीओ और एडीएम को एसएसआई - मैंने जब भी बताया था और अब भी बता रहा हूं विजय राघव का 151 में चालान कर जेल भेज दिया है जमानत करा लीजिए किसान नेता- जब हमने वहां पूछा तो तुमने कुछ नहीं बताया क्यों नहीं की तुमने इंस्पेक्टर से बात तुमने हमसे बोला जाओ चले जाओ डीएम कार्यालय एसएसआई- मैंने ये नहीं बोला किसान नेता- हम जमानत नहीं कराएंगे पहले अपराध बताओ ऐसे कैसे जेल भेज दिया सीओ- पहले आप ये बताइए आप बात किस शैली में बात कर रहे हैं वह एक थाने का ररक है और आप उसे धमका रहे हैंकिसान नेता- आप ये बताओ आपकी क्या शैली है कि 151 में चालान कर जेल भेज दिया हम सब भी धरने पर बैठे हैं कर दो चालान और भेज दो हमे भी जेल सीओ- जो करना होगा कर लूंगा आप पहले पुलिस से बोलने की शैली ठीक करो किसान नेता- नहीं हमे भेजो अब जेल हम बैठे हैं यहां जेल जाने के लिए हमने वहां पूछा लेकिन किसी ने नहीं बताया कि हमारे साथी कहां है इसके बाद सीओ ने सभी को एक मिनट शांत रहने का बोला और कहाहम आपके पीछे आए , आपसे बात करने के लिए आए और मैं काफी देर चुप भी रहा लेकिन वह एक थाने का ररक है और आप उसे धमकाये चले जा रहे हैं। वह आपकी धमकी के लिए नहीं खड़ा है यहां किसान नेता- पहले मेरी सुनो क्या करोगे 151 में चालान करोगे, जेल भेजोगे सीओ- ये आप मत बताओ मैं क्या करूंगा , पहले मेरी एक लाइन की बात सुनो सब आपके सम्मान में यहां हमारी तरफ से कोई कमी नहीं है लेकिन मेरे एक सिपाही का भी अगर यहां अपमान होगा तो ठीक नहीं होगा। आप सोच लो सम्मान पूर्वक बात करनी है तो बता दो पांच मिनट का समय है सोचकर बता देना इतना कहने के बाद सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी वहां से दूर जाकर खड़े हो गए।हालांकि कुछ देर बाद एडीएम सिटी ने स्थिति को संभालते हुए माहौल शांत कराया

## रिश्तेदार ने 5.50 लाख की ठगी की

### कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज, कार खरीदने के नाम पर लिए थे पैसे

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा , सेक्टर-113 थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ उसके ही रिश्तेदार द्वारा करीब 5.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।सेक्टर-73 स्थित सफाबार्द गांव निवासी आकाश शर्मा ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाजियाबाद के राजपुर शरीफाबाद निवासी राहुल शर्मा उनका रिश्तेदार है। दोनों एक बाइक बेचने वाली कंपनी में काम करते थे। पीड़ित के अनुसार 1 जनवरी 2023 को राहुल शर्मा उसके जन्मदिन के मौके पर घर आया था। इस दौरान उसने बताया कि उसे एक कार खरीदनी है और इसके लिए रुपये की जरूरत है। राहुल ने आकाश से ढाई लाख रुपये उधार मांगे और कुछ समय बाद लौटाने का भरोसा दिया। आकाश शर्मा ने 10 जनवरी को राहुल को ढाई लाख रुपये बिना ब्याज के नगद दे दिए। आरोपी ने समय पर पैसे वापस करने का आश्वासन दिया था। जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने कहा कि उसके पास एक भूखंड है, जिसे बेचकर वह पैसे लौटा देगा।

## अप्रैल से बैटरी स्वैपिंग स्टेशन से ले सकेंगे चार्ज बैटरी

### नोएडा में 13 स्थानों पर मार्च अंत तक पूरा होगा प्रोसेस, एजेंसी का किया जा रहा चयन

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा ,13 स्थानों पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन बनाए जाने है। एजेंसी का चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। फाइलिंग प्रक्रिया को सात से आठ दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद निर्धारित किए गए स्थानों पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन लगा दिए जाएंगे। इसे ईवी व्हीकल चलाने वाले लोगों को आसानी होगी। प्राधिकरण अधिकारी ने कहा कि मार्च अंत तक शहर में 13 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक स्टेशन पर दो स्वैपिंग प्वाइंट होंगे, जिनमें कुल 44 बैटरियां उपलब्ध रहेंगी। इससे खासतौर पर इलेक्ट्रिक दोपहिया और व्यावसायिक वाहनों के लिए चार्जिंग समय कम होगा और परिचालन क्षमता बढ़ेगी। इसका संचालन के लिए एजेंसी का चयन किया जा रहा है। स्वैपिंग बैटरी का चार्ज कितना होगा इसकी दर को तय किया जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि कोई भी टू व्हीलर और थ्री व्हीलर जिसके वाहन की बैटरी वीक हो जाए तो यहां आकर स्वेप करवा सकता है। बिना चार्ज बैटरी के वो दूसरी बैटरी ले सकता है। काम पूरा होने के बाद वो दोबारा से अपनी चार्ज बैटरी यहां से ले सकता है। इन स्थानों पर बनेंगे पहले बैटरी स्वैपिंग स्टेशन नोएडा के सेक्टर-6, 29, 25ए, 24, 63, 16ए, 16, 15, 58, 61 , 15 एमिटी यूनिवर्सिटी है। सेक्टर-63 में दो स्थानों पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। हाल ही में इसके लिए तीन कंपनियों ने प्रेजेंटेशन दिया था। जिसमें एक का चयन के प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

## 1521 फ्लैट मालिकों को मिलेगा मालिकाना हक

### बिल्डर ने प्राधिकरण में जमा कराए 80.48 करोड़, सभी टावर को मिला कंपलीशन

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा, सेक्टर-137 स्थित पैरामाउंट फ्लोराविले सोसाइटी के 1521 फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है। सोसाइटी से संबंधित बिल्डर ने नोएडा प्राधिकरण में बकाये के रूप में 80 करोड़ 48 लाख रुपये जमा करा दिए हैं। परियोजना 12.375 एकड़ में है। इस परियोजना में 16 टावर बनाए गए हैं, जिनमें 1521 फ्लैट हैं। परियोजना के 14 टावर को 10 मार्च 2015 को कंपलीशन सर्टिफिकेट मिल चुका था, लेकिन बकाया जमा नहीं करने पर रजिस्ट्री रूकी हुई थी। अब बकाये को लेकर विवाद समाप्त हो चुका है। बकाया मिलने के बाद प्राधिकरण ने बाकी दो टावर का भी कंपलीशनल जारी कर दिया है। अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत पैसा जमा नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बिल्डर ने अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के अंतर्गत लागू पैकेज के तहत बकाया जमा किया है। पैरामाउंट फ्लोराविले परियोजना फिलहाल यूपी रेरा के दायरे में नहीं आती और अब इस पर किसी प्रकार का वित्तीय बकाया भी शेष नहीं है। प्राधिकरण के साथ बकाया राशि को लेकर पहले से चला आ रहा विवाद इलाहाबाद हाईकोर्ट तक पहुंचा था, जो अभी लंबित है। खरीदारों को मिलेगा आशियाने का हक बिल्डर प्रबंधन का कहना है

## गरौठा में व्यापार सेवा समिति मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**गोविंद नारायण गुप्ता बल्लन सर बने अध्यक्ष, रविंद्र भाऊ यादव महामंत्री व लखन गुप्ता कोषाध्यक्ष**

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा। गरौठा कस्बे में व्यापार सेवा समिति मंडल द्वारा नवनिर्वाचित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गोविंद नारायण गुप्ता बल्लन सर को व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया, जबकि रविंद्र भाऊ यादव को महामंत्री तथा लखन गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक जवाहर लाल राजपूत के पुत्र राहुल राजपूत भी मौजूद रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष गोविंद नारायण गुप्ता ने कहा कि वे और उनकी पूरी टीम सेवक भाव से व्यापारियों के हित, नगर के विकास और क्षेत्र की उन्नति के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं, नगर पंचायत के सहयोग और व्यापारियों व नगरवासियों के साथ मिलकर नगर में सामाजिक, धार्मिक और रचनात्मक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा तथा सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया जाएगा। इस दौरान पूर्व चेयरमैन हम्मीर सिंह निरंजन, अनुराग उपाध्याय, देवेंद्र गौतम, प्रवेंद्र चौहान, मयंक गुप्ता एडवोकेट, संजय गुप्ता, रविंद्र सर, पार्षद भारती शैलेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, फजल अहमद, आकाश गुप्ता सहित व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनूप गुप्ता, राजेश गुप्ता, राम कुमार जायसवाल, मनोज पिपरसनिया, शिव कुमार दाऊ, दयाशरण गुप्ता, दिनेश भाटिया, राकेश चौड़ा, महेश सेठ, दादा मदन सेठ, नारायण सेठ, पंकज सेठ, घनश्याम सेठ, सुनील गुप्ता समेत बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आरपीएफ का महिला जागरूकता अभियान



**अमन लेखनी समाचार**

मुंबईः अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को आरपीएफ पोस्ट एलटीटी द्वारा महिला यात्रियों की सुरक्षा और जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आरपीएफ अधिकारियों ने महिला यात्रियों को बताया कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी, छेड़छाड़, संदिग्ध गतिविधि या अन्य समस्या होने पर वे तुरंत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 (रेल मदद) या 1512 जीआरपी कंट्रोल पर फोन कर सहायता मांग सकती हैं। इन नंबरों पर सूचना मिलने के बाद संबंधित टीम द्वारा तुरंत मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान आरपीएफ टीम ने महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया और किसी भी आपात स्थिति में बिना डर के पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। यह अभियान इंस्पेक्टर के.बी. सिंह, सब इंस्पेक्टर मनोज यादव और उनकी टीम की उपस्थिति में चलाया गया, जिसमें कई महिला यात्रियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। आरपीएफ अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है और यात्रियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह झांसी के पंचकल्याणक महोत्सव में होंगे मुख्य अतिथि

**31 फुट ऊंची महावीर स्वामी प्रतिमा की होगी प्राण-प्रतिष्ठा**

**अमन लेखनी समाचार**



झांसी। झांसी महानगर में स्थित भगवान महावीर महातीर्थ में आगामी 12 मई से 17 मई 2026 तक श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मेडिकल कॉलेज गेट नंबर-3 के आगे स्थित तीर्थ परिसर में आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महामुनिराज (ससंघ) एवं मुनिश्री अविचलसागर जी के मंगल सान्निध्य में संपन्न होगा। इस ऐतिहासिक महोत्सव में देश के रक्षामंत्री फं्नल्लंइँ र्ल्लँ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के गौरव अध्यक्ष एवं झांसी नगर विधायक फं५्र रँ१ं के नेतृत्व में जैन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पहुंचकर रक्षामंत्री को कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में खुशाल जैन, दिनेश जैन (डीके), अतुल जैन (सर), प्रदीप जैन (वर्धमान) और सौरभ जैन (सर्वज्ञ) प्रमुख रूप से शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का धर्म पट्टिका व माला पहनाकर सम्मान किया तथा उन्हें सत्यार्थ बोध ग्रंथ, महामंत्र णमोकार और आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज का चित्र भेंट किया। नगर विधायक रवि शर्मा ने रक्षामंत्री को बताया कि इस महोत्सव में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की 31 फुट ऊंची विशाल एवं मनोज्ञ प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी, जो पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र की सबसे बड़ी प्रतिमा होगी। यह महोत्सव धार्मिक आस्था, आध्यात्मिकता और विश्व शांति के संदेश के साथ झांसी के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन माना जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

**खास समाचार**

## अधेड़ युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के जमालनगर गैर-एहतमाली गांव में सोमवार दोपहर एक अधेड़ व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। किसानों ने गौशाला के समीप बाग में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान राजेंद्र पाल (55) के रूप में हुई, जिसके छोटे भाई ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से मानसिक रूप से बीमार थे। सोमवार दोपहर करीब दो बजे किसानों ने जमालनगर गैर-एहतमाली गौशाला के पीछे एक पेड़ से शव लटकता देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त का प्रयास किया। कोतवाली क्षेत्र के मरौंदा सूचित निवासी मनोज पाल ने शव की पहचान अपने बड़े भाई राजेंद्र पाल पुत्र राजकुमार के रूप में की। मनोज पाल ने पुलिस को बताया कि उनके भाई राजेंद्र पाल पिछले 10 वर्षों से मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे और किसानी का काम करते थे। सोमवार सुबह वह दाढ़ी बनवाने के लिए नाई की दुकान पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एस.एन. त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के भाई ने अपनी तहरीर में राजेंद्र पाल के मानसिक रूप से बीमार होने की जानकारी दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## होली मिलन समारोह में प्रस्तुत की गई झांकियां

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। नगर के पश्चिमटोला मे स्थित प्रसिद्ध मां आन्देश्वरी देवी मंदिर मे चेयरमैन रेनू गुप्ता द्वारा महिला होली मिलन समारोह में कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की झाकियां प्रस्तुत की गई। फूलो की होली खेली गयी महिलाओं को अमीर लगाकर गले मिलकर बधाई दी तथा महिलाओं फाग गाया। नगर के पश्चिमटोला स्थिति माँ आंनदेस्वरी देवी मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू गुप्ता द्वारा महिला होली मिलन समारोह मे भारी संख्या मे महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने गले मिलकर बधाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश बंदना से हुई कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम मे राधा कृष्ण, शिव तांडव, सुदामा चरित्र, फूलों की होली, भस्म आरती समेत झांकियां दिखा कर दर्शकों का मन मोह लिया। भजन गायकों ने एक के बाद एक गीतों की झड़ी लगाकर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नीलम, बृजकुमारी, ,प्रेमलता ,नीतू ,सोनी ,वंदना ,रेखा गुप्ता, लता शुक्ला, मालती, शोभा सानू ,ज्योति , मधु, सुमन साहू, गुड्डी प्रमुख रूप से मौजूद रही। साथ ही नगर पंचायत बुर्जग महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। चैयरमैन रेनू गुप्ता ने आए हुए लोगो का आभार जताया कहा कि समाज में ऐसे आयोजनों से परस्पर सम्बन्ध कायम होते है और समाज में महिलाओ का सम्मान बढ़ता है।

## म्योरपुर की साइबर टीम द्वारा आवेदक के साथ हुए फ्रॉड की 75,000/- की सम्पूर्ण धनराशि वापस करायी गयी

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। सादर अवगत कराना है कि आवेदक बच्चा लाल बंजारा पुत्र केशुराम निवासी ग्राम खेड़ा बांगरडे थाना म्योरपुर जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 26.02.2026 को अज्ञात साइबर ठगों द्वारा 75,000/- की धनराशि का फ्रॉड कर लिया गया था। इस संबंध में आवेदक द्वारा तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करायी गयी थी पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश राय के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष म्योरपुर रामदरश राम के कुशल नेतृत्व में थाना म्योरपुर की साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए ठउफढ पोर्टल का अवलोकन किया गया। साइबर टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करते हुए संबंधित बैंक खातों में फ्रॉड की धनराशि 75,000/- को होल्ड कराया गया तथा संबंधित बैंक शाखा से ई-मेल के माध्यम से पत्राचार कर उक्त धनराशि को सफलतापूर्वक आवेदक के मूल बैंक खाते में वापस कराया गया। अपनी धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा थाना म्योरपुर की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## गरौठा ग्रामीण क्षेत्रों में 8 दिन बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा। गरौठा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अगले आठ दिनों तक दिन के समय बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने जानकारी दी है कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण ग्रीन कॉरिडोर-2 परियोजना के तहत चल रहे कार्य के कारण यह कटौती की जाएगी। अवर अभियंता राम भवन चौहान ने बताया कि जनपद झांसी के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गरौठा से निकलने वाले 11 केवी गोरपुरा ग्रामीण फीडर से जुड़े सभी गांवों में 8 मार्च 2026 से 15 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 400 केवी डीसी क्वाड मूज उरई-गरौठा लाइन के टावर स्ट्रिंगिंग का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ग्रीन कॉरिडोर-2 परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य भविष्य में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। विद्युत विभाग ने क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं एवं ग्रामीणों से अपील की है कि वे कार्य के दौरान सहयोग बनाए रखें, ताकि निर्माण कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

## नियमित, संयमित व सर्वोत्तम योग साधकों को किया गया सम्मानित

**-पतंजलि योग परिवार सोनभद्र, रॉबर्ट्सगंज इकाई ने किया था यह आयोजन।**

**अमन लेखनी समाचार**





सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र, रॉबर्ट्सगंज इकाई के प्रमुख मार्गदर्शक, संरक्षक, संयोजक, पदाधिकारीयों द्वारा रविवार को नियमित, संयमित व सर्वोत्तम योग साधकों को सम्मानित किया गया। बता दें कि 2 दिसंबर 2025 को सर्वसम्मत से सूचित किया गया था कि जो भी योग साधक 5 दिसंबर 2025 से 5 मार्च 2026 तक नियमित योग कक्षा में उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करेंगे, उन्हें संस्था की तरफ से उपहार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उसी के क्रम में सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के नियमित योग कक्षा में प्रमुख मार्ग दर्शक रमेश राम पाठक, पतंजलि किसान सेवा समिति जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव द्वारा योग कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले क्रमशः चंद्र बहादुर सिंह, नागेंद्र नाथ चौबे व राजू प्रसाद सोनी को श्रद्धेय परम पूज्य स्वामी बाबा रामदेव जी द्वारा प्राप्त कराई गई टी-शर्ट व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रमुख मार्गदर्शक रमेश राम पाठक द्वारा कहा गया कि इस तरह के कार्यक्रम बीच-बीच में निरंतर करते रहने से योग कक्षा तथा योग साधकों में उत्साह बना रहता है। तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम पुनः 9 मार्च से 20 जून तक चलता रहेगा 21 जून विश्व योग दिवस पर किसी भी योग कक्षा के योग साधक द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने पर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेश चंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रूप नारायण सिंह, आशीष शर्मा, कमलेश प्रसाद कुशवाहा समेत काफी संख्या में योग साधक मौजूद रहे।

## डा. सौरभ कुमार प्रयास सामाजिक सेवा समिति प्रदेश मार्गदर्शन मंडल के सदस्य मनोनीत

**प्रदेश संयोजक सरदार रणवीर सिंह ने किया मनोनयन**

**अमन लेखनी समाचार**






सोनभद्र। बागी बलिया की माटी के यशस्वी सपूत , ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन उ प्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे वरिष्ठ पत्रकार डा. सौरभ कुमार को सामाजिक संस्था प्रयास सामाजिक सेवा समिति के प्रदेश मार्गदर्शन मंडल का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन प्रदेश संयोजक वरिष्ठ पत्रकार सरदार रणवीर सिंह द्वारा किया गया। गौरतलब है कि प्रयास सामाजिक सेवा समिति के प्रदेश मार्गदर्शन मंडल के सदस्य रहे सोनभद्र के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार पंडित मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी जी के निधन के बाद से यह पद रिक्त था, जिस पर अब प्रदेश संयोजक सरदार रणवीर सिंह ने डा. सौरभ कुमार जी को नामित किया है। उल्लेखनीय है कि बलिया जनपद के गड़वार कस्बा निवासी वरिष्ठ पत्रकार डा. सौरभ कुमार प्रदेश के बड़े पत्रकार संगठनों में शुमार ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के करीब चार दशक तक निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष रहे और गड़वार में स्थापित ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के पौधे को प्रदेश में वटवृक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रयास सामाजिक सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों सदस्यों ने सौरभ कुमार जी के प्रयास से जुड़ने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## 2026 की जनगणना में आदिवासी धर्म कॉलम

**शामिल करने की मांग तेज**

**10 मार्च को लखनऊ ईको गार्डन में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम का होगा आगाज।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। वर्ष 2026 में प्रस्तावित जनगणना में आदिवासी धर्म के लिए अलग कॉलम शामिल किए जाने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों और रोजगार सामाजिक अधिकार अभियान द्वारा 10 मार्च को लखनऊ के ईको गार्डन में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत में जनगणना की शुरूआत वर्ष 1871 से हुई थी। 1871 से 1951 तक की जनगणनाओं में आदिवासी समुदाय के लिए अलग धर्म कॉलम की व्यवस्था थी, जिससे उनकी विशिष्ट धार्मिक पहचान दर्ज होती थी। लेकिन 1961 की जनगणना से यह कॉलम हटा दिया गया। इसके बाद से आदिवासी समाज की अलग धार्मिक- सांस्कृतिक पहचान को जनगणना में दर्ज करने की व्यवस्था समाप्त हो गई, जिससे उनकी पहचान और अस्तित्व के सामने चुनौती उत्पन्न हो रही है। आदिवासी समाज का मानना है कि उनकी अपनी विशिष्ट आस्था, परंपराएँ और जीवन पद्धति है, जिसे किसी अन्य धर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। इसलिए जनगणना में अलग ॑आदिवासी धर्म कॉलम॒ का प्रावधान किया जाना आवश्यक है, ताकि उनकी वास्तविक जनसंख्या और पहचान का सही आकलन हो सके। इसी मांग को लेकर 10 मार्च को लखनऊ में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया और आदिवासी समाज के लोगों को इस मुद्दे के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में पिंटू आदिवासी, इं. राम कृष्ण बैगा, प्रधान योगेन्द्र गोंड, द्वारिका प्रसाद गोड़ तथा कोड़ियां के रविशंकर गोड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई आयोजकों ने सभी जनपदवासियों और आदिवासी समाज के लोगों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचकर इस आंदोलन को मजबूत बनाएं और कार्यक्रम को सफल करें।

## शॉर्ट सर्किट से चाय की गुमटी में लगी आग सिलेंडर ब्लास्ट में चार घायल; एक की हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**



डाला/सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के अम्मा टोला में शनिवार देर रात एक चाय-पान की गुमटी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद गैस सिलेंडर फट गया। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अम्मा टोला स्थित एक चाय-पान की गुमटी में शनिवार रात करीब डेढ़ बजे बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट से गुमटी में रखे गैस सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते आग तेज हो गई। कुछ ही देर बाद सिलेंडर तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में कमलापति केवट (40) पुत्र शिवशंकर, शुभम (12) पुत्र राम प्रसाद, शम्भावती (48) पत्नी राम प्रसाद और बसंत (42) पुत्र रामबली घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पुलिस और एम्बुलेंस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कमलापति केवट की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं अन्य तीन घायलों को हल्की चोट होने के कारण उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सभी घायल आपस में रिश्तेदार और पट्टीदार हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला कारागार में लगा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**अमन लेखनी समाचार**




गोरखपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन की टीम द्वारा जिला कारागार गोरखपुर में निरुद्ध महिला बंदियों के लिए एक वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में जेल में निरुद्ध महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के दांतों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक उपचार के साथ उन्हें दवाइयां और हाइजीन किट भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन की टीम ने अपनी सेवाएं देते हुए बंदियों के दांतों का सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, डॉ. मीनाक्षी राय, डॉ. शालिनी शर्मा और डॉ. गरिमा श्रीवास्तव सहित महिला चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। परीक्षण के दौरान जिन महिला बंदियों में पायरिया, कैविटी व अन्य संक्रमण पाए गए, उन्हें मौके पर ही उपचार दिया गया। इस टीम में डॉ. प्रीति अग्रवाल, डॉ. शिप्रा सिंह, डॉ. मनमीत आनंद, डॉ. शिल्पा सिंह, डॉ. शिवांगी श्रीवास्तव, डॉ. पल्लवी तिवारी एवं डॉ. एच.एन. शर्मा भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। चिकित्सकों ने महिला बंदियों को दांतों की साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि दांतों की स्वच्छता न केवल चेहरे की सुंदरता बल्कि पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने दिन में दो बार ब्रश करने और तंबाकू उत्पादों से दूर रहने की सलाह दी। जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पाण्डेय ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जेल में निरुद्ध बंदियों के लिए समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन बेहद जरूरी है, ताकि उन्हें जेल परिसर में ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं मिल सकें। उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए पूरी टीम का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पाण्डेय, जेलर अरुण कुमार कुशवाहा, उप जेलर विजय कुमार, श्रीमती कृष्णा कुमारी, श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनय कुमार, फार्मासिस्ट शेष कुमार शर्मा सहित अन्य कारागार कर्मी उपस्थित

## अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने सुनीं जनसमस्याएं



**अमन लेखनी समाचार**

झांसी। सोमवार को उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे (दर्जा प्राप्त मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष अपना दल एस) झांसी स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत जिला अध्यक्ष भारत सिंह पटेल तथा जिला महासचिव डॉ. सुभाष रायकवार ने किया। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ललिता यादव, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत, पीडी पीआरडीए राजेश कुमार, जल निगम की शिल्पी वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनीत कुमार, डीपीआरओ दीपू वर्मा, जल निगम के चंद्र प्रकाश पांडे, नगर निगम के केपी सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव प्रीतम सिंह प्रेमी, कुंदन वाल्मीकि, वरिष्ठ समाजसेवी रामबाबू जोशीला सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अल्लू अर्जुन की सिक्योरिटी ने जूनियर एनटीआर के बॉडी डबल को दिया धक्का

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी के रिसेप्शन का एक वायरल वीडियो चर्चा में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ आए सिक्योरिटी वालों को भीड़ में एक आदमी को धक्का देते हुए देखा गया। बाद में उस आदमी की पहचान ईश्वर हैरिस के तौर पर हुई। हैरिस को इंडस्ट्री में जूनियर एनटीआर का बॉडी डबल माना जाता है। हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा 'हम उसी समय अंदर जा रहे थे, जब अल्लू अर्जुन अ दर आ रहे थे। जब वह तस्वीरें क्लिक करने के लिए स्टेज के पास आ रहे थे, तो उनके बाउंसरों को लगा कि मैं उनके पास फोंटो लेने आ रहा हूं या कैमरा ब्लॉक कर सकता हूं। इसलिए उन्होंने मुझे रोक दिया।'

लाइफ Style



# प्रियंका खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं

हाल ही में गोइंग रोग पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि वह बचपन में खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं, लेकिन उन्हें अपनी स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने बताया कि 90 के दशक में स्कूल के दिनों में उनका लुक काफी ट्रेंडी हुआ करता था-फ्लेयर्ड जींस, क्रॉप टॉप और बेली बटन पियर्सिंग। उसी दौरान एक बार उनका पियर्सिंग बंद हो गया, तो उन्होंने उसे दोबारा खुद ही कर लिया। प्रियंका ने हंसते हुए कहा, 'मैंने एक बार कैब के पीछे बैठकर अपना बेली बटन फिर से पियर्स कर लिया था। उस समय हम 90s में यही सब करते थे।' उन्होंने यह भी बताया कि उस समय उन्हें फैशन की ज्यादा समझ नहीं थी, लेकिन उन्हें यह पता था कि किस तरह के कपड़े और स्टाइल उन पर अच्छे लगते हैं।


प्रियंका ने अपने मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड के दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह मिस इंडिया प्रतियोगिता में गईं तो उन्होंने पहले कभी मॉडलिंग नहीं की थी, इसलिए शुरुआत में सब कुछ उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आई थीं। यह अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आने वाली हैं। यह 7 अप्रैल, 2027 को रिलीज होने वाली है। वह वेब सीरीज 'सिटाडेल 2' में भी नजर आने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं स्टेफनी

**लॉस एंजिल्स।** यूट्यूब पर जेफ निपर्ड अपनी फिटनेस वीडियो के लिए मशहूर रहे, उनके मिलियन में फॉलोअर्स हैं। हाल ही में जेफ निपर्ड की मंगेतर डॉ. स्टेफनी बटरमोर का निधन हो गया है। जेफ गहरे सदमे में हैं। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, स्टेफनी जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं। स्टेफनी को उनके प्यार और दयालु व्यवहार के लिए याद किया जाएगा। वह ओवेरियन कैंसर पर PhD रिसर्च कर रही थीं, इसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। हम आपसे जेफ की प्राइवेसी को बरकरार रखने की उम्मीद करते हैं।



# पीटर जैक्सन पाम डी ओर से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** न्यूजीलैंड के प्रशंसित फिल्म निर्माता-निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। ऑस्कर विजेता पीटर जैक्सन को 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को बड़े पर्दे पर लाने के लिए जाना जाता है। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही वो इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं। पीटर जैक्सन को यह सम्मान 12 से 23 मई तक चलने वाले 79वें कान फिल्म महोत्सव में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटर जैक्सन ने इसे अपने कॅरियर के सबसे यादगार पलों में से एक बताया। निर्देशक ने कहा, 'कान में मानद पाम डी'ओर से सम्मानित होना मेरे करियर के सबसे बड़े सौभाग्य में से एक है।



# सलमान की हीरोइन बनेंगी नयनतारा


**मुंबई।** सलमान खान अब साउथ की सुपरस्टार नयनतारा के साथ स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। हाल में खबर सामने आ रही है कि डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली के साथ बन रही फिल्म में ये जोड़ी नजर आने वाली है। बॉलीवुड एक्टर सिकंदर जैसी फिल्म के बाद एक बड़ी हिट की तलाश में हैं। बैटल ऑफ गलवान के अलावा कई अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास कई बड़ी फिल्मों की स्क्रिप्ट हैं। इसमें से एक साउथ डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली की अगली बड़े स्केल की फिल्म है। रिपोर्ट की माने तो वामशी सलमान के साथ एक बड़ी एंटरटेनर फिल्म बना रहे हैं जिसकी हीरोइन नयनतारा हो सकती हैं। सलमान और नयनतारा की जोड़ी फैंस को पसंद आने वाली है। साल 2023 में आई फिल्म जवान में नयनतारा को शाहरुख खान के साथ रोमांस करते हुए देखा था।



# शेरनियों के बिना सिंघम कुछ नहीं: अजय

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपने जीवन की महिलाओं के लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर करके सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत लिया। एक्टर ने अपनी पत्नी काजोल, बेटी नीसा देवगन, सासु मां तनुजा और परिवार के बाकी सदस्यों की कुछ खास तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपनी 'शेरनियां' बताया। उनके कैप्शन में लिखा था, 'यह सिंघम अपनी शेरनियों के बिना कुछ भी नहीं है,' इस एक लाइन पर ही उनके चाहने वाले फिदा हो गए हैं। पहली तस्वीर में काजोल, तनीषा मुखर्जी, तनुजा और अजय की मां वीना देवगन के साथ एक प्यारा फैमिली मोमेंट दिखाया गया है। सभी महिलाएं सजी-धजी कैमरे के सामने पोज दे रही हैं, जिनमें प्यार प्यार दिख रहा है। यह तस्वीर परिवार की पीढ़ियों के बीच मजबूत बंधन को दिखाती है।

## टीवी मसाला



# एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। तो अब क्या चल रहा है? दरअसल, रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एल्विश ने एक घुटने पर बैठकर, हाथ में लाल गुलाब लेकर जिया को प्रपोज किया। एल्विश ने जिया से पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' इस पर जिया ने जवाब दिया, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं और तुमसे शादी करूंगी।' दोनों का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद कई फैंस दोनों को बधाई भी दे रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्रस्ताव शो के लिए रचा गया था। कहानी में आगे क्या होता है, यह जानने के लिए दर्शकों को आगामी एपिसोड का इंतजार करना होगा। इससे पहले फ्री प्रेस जर्नल के साथ बातचीत में जिया शंकर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में बात की थी। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया था। एल्विश के साथ अपनी सगाई की प्रमोशनल पोस्ट से मचे बवाल पर टिप्पणी करते हुए जिया ने कहा था कि उनके परिवार और उनके बॉयफ्रेंड के परिवार दोनों को इस दृश्य की जानकारी थी। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।

## पोद्दार हाउस में अभिरा की होगी वापसी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के पॉपुलर शो में से एक माना जाने वाला ये रिश्ता क्या कहलाता है में अब तक का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है. फैंस को शो में इस ट्रैक का काफी दिनों से इंतजार था. ये रिश्ता के लेटेस्ट एपिसोड में देखने को मिला था कि अस्पताल के बेड पर बड़ी दादी सा ने अभिरा से घर वापसी की बात कही थी। दादी सा ने कहा था कि अभिरा के बिना परिवार एकदम अधूरा है. कावेरी पोद्दार की ये सारी बातें अभिरा चुपचाप सुन लेती है. दादी सा अपनी आखिरी इच्छा जाहिर करते हुए कहती हैं कि लड़की वापस आ जा, यही मेरी आखिरी इच्छा है. शो के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अभिरा ना सिर्फ पोद्दार हाउस में वापस आएगी। बल्कि, अपने स्वैग से अरमान और विद्या के भी होश उड़ा देगी. शो का जो लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है उसमें देखने को मिला कि दादी सा अब घर आ चुकी हैं. ऐसे में पोद्दार परिवार के लोग उनके स्वागत में लग जाते हैं। वहीं, अरमान अपनी दादी की आरती उतारता है।



# ऐश्वर्या और अभिषेक ने 'सलाम-ए-इश्क' गाने पर नीता अंबानी संग किया डांस

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी का एक वीडियो इंटरनेट पर हर किसी का दिल जीत रहा है। तीनों एक साथ शादी में डांस कर रहे हैं। फैंस के लिए ये पल बेहद खास है। सलमान के गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर तीनों ने जमकर अपने पैर थिरकाए। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी ने एक साथ मिलकर खूब डांस किया है। जी हां, तीनों के डांस के वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को देखकर लगता है कि यही आज का सबसे चर्चित विषय है।



मुदित अडानी और अनन्या दीवानजी की शादी में नीता, ऐश्वर्या और अभिषेक के साथ मंच पर आईं और उन्होंने एक यादगार डांस परफॉर्मेंस दी, जिसने सभी लोगों और बाद में इंटरनेट यूजर्स का भी दिल जीत लिया। वीडियो में, तीनों फेमस गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# डायलॉग्स ने किया प्रेरित, बड़े पर्दे पर संवाद बने महिला शक्ति का प्रतीक

*नई दिल्ली। 'तू खुद की खोज में निकल, तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की, समय को भी तलाश है।' तापसी पन्नू अभिनीत फिल्म पिंक में तनवीर गाजी की लिखी ये पंक्तियां महिला सशक्तीकरण की राह आम स्त्रियों को दिखाती है। इसी तरह कई महिला केंद्रित फिल्मों के संवाद भी महिलाओं को प्रेरित करते हैं, उनकी शक्ति और क्षमता का परिचय दुनिया को करवाते हैं।*

***पिंक ने समझाया ना का असल मतलब*** : साल 2016 में रिलीज हुई तापसी पन्नू स्टारर फिल्म पिंक को अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने निर्देशित किया था। फिल्म का सबसे सशक्त संवाद 'ना का मतलब ना होता है' रहा। यह डायलॉग बताता है कि एक महिला की अस्वीकृति का सम्मान किया जाना चाहिए।

***गुंजन सक्सेना ने सपनों को दी उड़ान*** : साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। फिल्म में का यह संवाद दुनिया से लड़कर अपने सपनों को पूरा करनी की उम्मीद देता है। एक स्त्री को उसकी क्षमता से वाकिफ करता है।

***दंगल ने दी लैंगिक समानता की सीख*** : साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में एक पिता अपनी



बेटियों को रेसलर बनाता है। दुनिया को बताता है कि गोल्ड मेडल लड़का लाए या लड़की, मेडल तो मेडल होता है। यह फिल्म अपने इसी चर्चित संवाद के जरिए सहजता से लैंगिक समानता की सीख दर्शकों को देती है।

**कभी हार ना मनाने का संदेश देती गंगूबाई काठियावाड़ी** : संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी(2022)' एक वेश्या की कहानी जरूरी थी। लेकिन इस कहानी में एक स्त्री के कभी ना हार माने की क्षमता को भी बखूबी दिखाया गया। फिल्म पुरुषों को उनका कुरूप चेहरा भी दिखाती है। इस फिल्म के कई डायलॉग मशहूर हुए, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित यही डायलॉग रहा है।

***थप्पड़ फिल्म ने समझाया स्वाभिमान का महत्व*** : साल 2020 में रिलीज फिल्म थप्पड़ में तापसी पन्नू के किरदार ने घरेलु हिंसा के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई। अनुराग सिन्हा निर्देशित इस फिल्म का यह डायलॉग एक स्त्री को उसके स्वाभिमान के प्रति जागरुक करने का काम करता है।

***लापता लेडीज ने खुद से रूबरू होने की अहमियत बताई*** : *साल 2023 में किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाती है। साथ ही महिलाओं अपने लिए जीने की सीख भी देती है। फिल्म का यह एक डायलॉग महिला सशक्तिकरण की बात को बहुत ही सहज और सरल ढंग से कहता है।*

***मैरी कॉम ने ताकत पर भरोसा करना सिखाया*** : *ओमांग कुमार निर्देशित फिल्म 'मैरी कॉम' बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम की बायोपिक थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने मैरी कॉम के संघर्ष और बॉक्सिंग चैंपियन बनने की कहानी को बहुत ही बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा। फिल्म के कई डायलॉग फेमस हुए लेकिन यह डायलॉग हर महिलाओं को बताता है कि उनके अंदर एक चैंपियन है, जिसे कभी भूल नहीं चाहिए।*

## बॉलीवुड हो या दर्शक इन पर कहीं ना कहीं आज भी हावी है पितृसत्तात्मक सोच

# दमदार कहानी के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर कमजोर पड़ीं महिला केंद्रित फिल्में

*नई दिल्ली। आधी आबादी की उपलब्धियों पर गर्व किया जाता है। देश, समाज में दिए गए योगदान को सराहा जाता है। मगर बात जब सिनेमा की आती है तो निराशा हाथ लगती है। आज भी महिला केंद्रित फिल्में अपने वजूद के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस संघर्ष के पीछे कई कारण मौजूद हैं। 'पुरुषों की दुनिया में आगे बढ़ने वाली महिला खास होती है' अमेरिकन सिंगर रिहाना का कहा गया यह कथन हिंदी सिनेमा में अब तक सच नहीं हुआ। 21वीं सदी में आकर भी दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बॉलीवुड में महिला केंद्रित कहानी अपने लिए जगह बनाने की कोशिश में लगी हैं। तमाम कोशिशों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में सफलता से कोसों दूर हैं। ऐसा नहीं है कि महिला कलाकार या निर्देशक सार्थक प्रयास नहीं कर रहे हैं।*

### अस्सी और मर्दानी 3 की पहल गई बेकार

इस साल अब तक दो महिला केंद्रित हिंदी फिल्में रिलीज हुईं, तापसी पन्नू की 'अस्सी' और रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3'। दोनों ही फिल्मों में महिलाओं से जुड़े संवेदनशील विषय को उठाया गया है। फिल्म 'अस्सी' दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध पर बात करती है, वहीं 'मर्दानी 3' बच्चों की तस्करी जैसा मुद्दा उठाती है। दोनों कहानियां भीतर तक झकझोरती हैं। लेकिन, इनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखें तो पता चलता है कि दर्शक इनसे दूरी बनाकर चले।


### कमजोर कलेक्शन ने तोड़ दी उम्मीदें

फिल्म 'अस्सी' ने रिलीज के 16वें दिन तक सिर्फ 10 करोड़ रुपये कमाए। वहीं रानी मुखर्जी स्टारर 'मर्दानी 3' ने 37वें दिन तक 50.36 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है। पिछले साल काजोल की फिल्म 'मां' थिएटर में रिलीज हुई। वहीं ओटीटी पर 'मिसेज' जैसी फिल्म देखने को मिली। हर साल चंद महिला केंद्रित फिल्में ही दर्शकों को देखने को मिलती हैं, ऐसे में सफलता का आंकड़ा भी सीमित है। प्रोड्यूसर अब भी वुमन सेंट्रिक फिल्मों में दावा खेलने से बचते हैं।

### ये हैं प्रमुख कारण

*सवाल है कि सिर्फ इस बात का अफसोस मनाया जाए कि महिला केंद्रित फिल्में दर्शकों को पसंद नहीं है तो हकीकत इसके उल्ट है। दर्शकों के लिए फिल्म सिर्फ फिल्म होती है। कंगना रनौत की फिल्म क्वीन, तनु वेड्स मनु, तापसी पन्नू की पिंक, श्रीदेवी की इंग्लिश विंग्लिश, आलिया भट्ट की राजी और गंगू बाई काठियावाड़ी और लापता लेडीज इस बात उदाहरण हैं। ये फिल्में दर्शकों को खूब पसंद आईं। अपने मैसेज को भी दर्शकों तक बखूबी पहुंचाती हैं। लेकिन, ऐसे कई कारण अब भी मौजूद हैं, जो महिला केंद्रित फिल्मों की राह को मुश्किल बनाते हैं।*

***फीमेल ऑडियंस का थिएटर तक ना पहुंच पानाः*** *आज भी आधी आबादी का एक बड़ा हिस्सा थिएटर तक पहुंच नहीं रखता है। इसके पीछे आर्थिक स्वतंत्रता की कमी एक बड़ी वजह है। महिलाओं का एक बड़ा तबका आज भी आर्थिक रूप से संपन्न होने के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में थिएटर पहुंचकर महिला केंद्रित फिल्में देखना,*





*उनकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं हो पाया है।*

***महिला निर्देशकों को कमीः*** *सिनेमा जगत खासकर बॉलीवुड में धीरे-धीरे महिलाएं अभिनय के अलावा कई फील्ड में अपने लिए जगह बना रही हैं। कई महिला निर्देशक हमारे दौर में मौजूद हैं। लेकिन यह संख्या गिनती की है। आज भी महिला केंद्रित फिल्मों को पुरुष निर्देशक बनाते हैं। जब कोई पुरुष महिला विषय पर बात करेगा तो कहीं ना कहीं उतनी संवेदनशीलता पर्दे पर नजर नहीं आएगी जो दिखनी चाहिए। एक स्त्री की भावनाओं को एक स्त्री के नजरिए से जब निर्देशित किया जाएगा तो उसका असर गहरा होगा। गौरी शिंदे की फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' और किरण राव की 'लापता लेडीज' इस बात का सफल उदाहरण हैं। दोनों फिल्मों में बहुत बारीकी और गहराई से महिलाओं की सोच और भावनाओं को व्यक्त किया गया है।*

***पितृसत्तात्मक सोच का हावी होना*** : *बॉलीवुड हो या दर्शक इन पर कहीं ना कहीं आज भी पितृसत्तात्मक सोच हावी है। एक बड़ा पुरुष वर्ग बड़े पर्दे पर महिला केंद्रित कहानी देखकर असहज हो जाता है। दरअसल, कहानी में पुरुष समाज और पितृसत्ता की सच्चाई वह देखना नहीं चाहते हैं।*